● जयपुर, गुरुवार, 20 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 292 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर विकास प्राधिकरण ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा...

पेज @5 जल जीवन मिशन घोटाले में ठेकेदार के पास 7.50 करोड़ की संपत्ति ईडी...

पेज @8 » उद्योग, व्यापार , सेवा क्षेत्र एवं कर सलाहकार संघों के साथ...

## तापमान 50 डिग्री के भी पार पहुंच गया

# भीषण गर्मी बनी जानलेवा, मक्का में 550 से अधिक हज यात्रियों की मौत



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

दुनिया में बढ़ता तापमान कई परेशानियों की वजह बन रहा है। भारत में ही गर्मी से मरने वालों की संख्या 65 के पार पहुंच गई है। वहीं खाड़ी देश सऊदी अरब का और बुरा हाल है, पहले से ही सऊदी में जानलेवा गर्मी पड़ती है। लेकिन इस बार सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए तापमान 50 डिग्री के भी पार पहुंच गया है। मंगलवार को सऊदी सरकार ने जानकारी दी कि करीब 577 हज यात्रियों की भीषण गर्मी के चलते मौत हो गई है।

मरने वाले यात्रियों में सबसे ज्यादा मिस्र के करीब 323 यात्री शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरने वाले मिस्री नागरिकों में एक नागरिक की मौत भीड़ में टकराने के बाद घायल होने से हुई है, बाकी मौतों की वजह गर्मी को बताया गया है। मरने वाले हज यात्रियों में कई देशों के नागरिक शामिल हैं। जॉर्डन के करीब 60 हज यात्रियों की मौत हो गई है। हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और सभी बहैसियत मुसलमानों को कम से कम एक बार इसको करना जरूरी है। पिछले महीने जारी एक सऊदी रिपोर्ट के मुताबिक जलवायु परिवर्तन से हज यात्रा खासा प्रभावित हो रही है, रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन जगहों में हज किया जाता है, वहां का तापमान हर दशक में 0.4 डिग्री सेल्सियस (0.72 डिग्री फ़ारेनहाइट) से बढ़ रहा है। सऊदी अरब के मौसम विभाग के मुताबिक इस साल मक्का की ग्रांड मस्जिद में तापमान 51.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बता दें पिछले साल भी हज दौरान गर्मी से करीब 240 हाजियों की मौत हुई थी। सऊदी अधिकारियों के मुताबिक गर्मी से बीमार हुए करीब दो हजार हज यात्रियों का इलाज किया जा रहा है। वहीं मिस्र विदेश मंत्रालय मंगलवार को कहा कि कहिरा हज के दौरान लापता हुए मिस्र के लोगों की तलाश के लिए वे सऊदी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

## न्यूज़ अपडेट

### नालंदा के सरकारी स्कूल में घुसकर प्रधानाचार्य को गोली मारी, 2 हिरासत में

**बिहार/एजेंसी।** बिहार के नालंदा में बुधवार को सरकारी स्कूल में घुसकर एक युवक ने प्रधानाचार्य को गोली मार दी। प्रधानाचार्य का नाम संतोष कुमार है।घटना एकंगरसराय प्रखंड के तेल्हाड़ा हाई स्कूल में सुबह घटी है। गोलीबारी में संतोष घायल हो गए हैं।घटना से जुड़े एक वीडियो में भगवा गमछा ओढ़े एक युवक कमरे में घुसता है और प्रधानाचार्य पर 2 गोली चलाता दिख रहा है।बता दें कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नालंदा के दौरे पर थे।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रधानाचार्य को गोली छूकर निकल गई, बदमाश ने दहशत फैलाने के लिए उनपर गोली चलाई थी।शिक्षक संतोष ने बताया कि युवक पहले उन्हें कमरे से बाहर बुला रहा था, नहीं निकलने पर कमरे में घुसकर गोली मारी। संतोष कुमार की 2 दिन पहले स्कूल के बाहर कुछ युवकों से बहस हुई थी।पुलिस ने मामले में 2 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया है। मामले में 4 लोगों की भूमिका सामने आई है।

### तालाब में नहाने गईं तीन बच्चियों की डूबने से मौत

**बस्ती/एजेंसी।** जिले में तीन मासूम बच्चियों की बुधवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई।घटना वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के सोनौरा गांव के तिरकोहिया पोखरे की है। गर्मी के चलते तीनों तालाब में नहाने गई थीं। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक बच्चियों की पहचान खुशी (13) उसकी छोटी बहन चंदा (12) पुत्री महेन्द्र व पारा (12) पुत्री धीरज के तौर पर हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण त्रिपाठी, एसएचओ दिनेश चन्द्र चौधरी मय फोर्स पर पहुंच गए और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की कर दी।

### उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यों की सराहना

**भोपाल/एजेंसी।** मध्यप्रदेश के जनजाति बाहुल्य जिला डिंडौरी में बुधवार को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर डिंडौरी में आयोजित कार्यक्रम का महामहिम उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति की पत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया।

उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ ने विश्व सिकल सेल दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ कर संबोधित करते हुए कहा कि मुझे बड़ी खुशी और प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री जी ने पहली मुलाकात में ही दो-तीन बातों की ओर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि एक बात सिकल सेल उन्मूलन की थी और दूसरी बात ट्राइबल के विकास की थी। पहली कैबिनेट मीटिंग में जो मुख्यमंत्री जबलपुर स्थान चुनता है और निर्णय लेता है कि लाउड स्पीकर कहां बजेगा और कहां नहीं बजेगा, उस मुख्यमंत्री के बारे में क्या कहना है। उनका दूसरा निर्णय अत्यंत प्रभावी है। लोग कहते है हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े लिखे को फ़ारसी क्या... उन्होंने कहा कि आपने माननीय मुख्यमंत्री का दम दुनिया को दिखा दिया।

# पीएम मोदी ने किया नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन

## सीएम नीतीश कुमार समेत 17 देशों के राजदूत रहे मौजूद

**पटना/एजेंसी।**



पीएम मोदी ने आज बिहार को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने नवनिर्मित नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का उद्घाटन किया। पीएम मोदी जब इसका उद्घाटन किया तो उनके साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा 17 देशों के मिशन प्रमुख इस मौके के साक्षी बने। उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों को बारीकी से निहारा है। 5वीं सदी की नालंदा यूनिवर्सिटी को आक्रांताओं ने भले ही नष्ट कर हिंदू और बौद्ध धर्म को खाक में मिलाने की कोशिश की हो। मगर, नालंदा यूनिवर्सिटी बीतती सदियों के साथ और भी ख्याति पाती गई और भी प्रख्यात होती चली गई।

पीएम मोदी ने अपने दौरे से पहले ट्वीट कर आज का दिन बेहद खास बताया है। उन्होंने कहा, 'हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए यह बहुत खास दिन है। नालंदा का हमारे गौरवशाली हिस्से से गहरा नाता है। यह विश्वविद्यालय निश्चित रूप से युवाओं की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में बहुत मददगार साबित होगा। नालंदा यूनिवर्सिटी के नए परिसर में 2 शैक्षणिक ब्लॉक होंगे। 1900 छात्रों के बैठने की क्षमता है। 550 छात्र की क्षमता वाले हॉस्टल हैं। 2000 लोगों की क्षमता वाला एम्फीथिएटर है। 3 लाख किताब की क्षमता वाली लाइब्रेरी है। नेट जीरो ग्रीन कैंपस है। विश्वविद्यालय की कल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन देशों के बीच संयुक्त सहयोग के रूप में की गई है। नालंदा यूनिवर्सिटी का इतिहास काफी पुराना है। लगभग 1600 साल पहले नालंदा यूनिवर्सिटी की स्थापना पांचवी सदी में हुई थी। जब देश में नालंदा यूनिवर्सिटी बनाई गई तो दुनियाभर के छात्रों के लिए यह आर्कषण का केंद्र था। विशेषज्ञों के मुताबिक 12वीं शताब्दी में आक्रमणकारियों ने इस विश्वविद्यालयों को नष्ट कर दिया था। इससे पहले करीबन 800 सालों तक इन प्राचीन विद्यालय ने ना जाने कितने छात्रों को शिक्षा दी है।

नालंदा विश्वविद्यालय की नींव गुप्त राजवंश के कुमार गुप्त प्रथम ने रखी थी। पांचवीं सदी में बने प्राचीन विश्वविद्यालय में करीब 10 हजार छात्र पढ़ते थे, जिनके लिए 1500 अध्यापक हुआ करते थे। छात्रों में अधिकांश एशियाई देशों चीन, कोरिया और जापान से आने वाले बौद्ध भिक्षु होते थे। इतिहासकारों के मुताबिक, चीनी भिक्षु ''नसांग ने भी सातवीं सदी में नालंदा में शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने अपनी किताबों में नालंदा विश्वविद्यालय की भव्यता का जिक्र किया है। यह बौद्धों के दो सबसे अहम केंद्रों में से एक था।

## जाली दस्तावेज पेश करने वाले नीट अभ्यर्थी पर होगी कानूनी कार्रवाई

### हाईकोर्ट ने दिए ये निर्देश

**इलाहाबाद/एजेंसी।**

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नीट मामले से जुड़े एक केस पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान एनटीए से कहा कि नीट अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज पेश किए हैं और अब एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर सकता है। नीट छात्र ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि एनटीए उसका रिजल्ट घोषित करने में विफल रहा और उसे मेल आया है कि उसकी ओएमआर उत्तर पुस्तिका फटी हुई पाई गई। हाई कोर्ट ने एजेंसी से यह तब कहा जब लखनऊ पीठ के निर्देश पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने छात्रा की मूल ओएमआर आंसर शीट पेश की, जो सही पाई गई।

बता दें कि छात्रा आयुषी पटेल ने अपनी याचिका में दावा किया कि एनटीए ने उसे एक मैसेज भेजा गया जिसमें कहा गया कि उसका रिजल्ट घोषित नहीं किया जाएगा क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई पाई गई थी। उसने सोशल मीडिया पर आरोपों को दोहराते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया था, जिसने हश्वश्वञ्ज यूजी के आयोजन में अनियमितताओं के दावों को लेकर चल रहे विवाद के बीच हलचल मचा दी थी।

डाक्यूमेंट देखने के बाद कोर्ट ने पाया कि छात्र ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर याचिका दायर की है। कोर्ट ने इसे खेदजनक बताते हुए एजेंसी से कहा कि एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। वहीं याचिकाकर्ता के एडवोकेट ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। एनटीए ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता छात्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का फैसला एजेंसी ने पहले ही ले लिया है। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने जाली डाक्यूमेंट पेश किए हैं, ऐसे में यह कोर्ट एनटीए को छात्र के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने से नहीं रोक सकता।



## कांग्रेस में चरम पर परिवारवाद, नेता महसूस कर रहे घुटन : सीएम सैनी



**करनाल/एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों के बीच शह-मात का खेल शुरू हो गया है। ऐसे में कई नेता अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं और दूसरी पार्टियां उसका फायदा उठाने में जुटी हुई हैं।हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधू और भिवानी के तोशाम से विधायक किरण चौधरी और उनकी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी ने भाजपा का दामन थाम लिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी ने भाजपा मुख्यालय में दोनों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सीएम नायब सैनी ने किरण चौधरी के कांग्रेस छोड़ने पर कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस में परिवारवाद चरम पर है। कांग्रेस में जो प्रतिष्ठित लोग हैं, उन्हें अब सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें कांग्रेस में अब घुटन महसूस हो रही है। कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने बेटे दीपेंद्र हुड्डा के लिए लगे हुए हैं। प्रतिष्ठित लोगों को कांग्रेस ने दरकिनार कर दिया है, कई बड़े नेता कांग्रेस से जाने वाले हैं। कांग्रेस में एक ही परिवार की चलती है।

## एक और पुणे पोर्शे जैसा कांड !

# राज्यसभा सांसद की बेटी ने बीएमडब्ल्यू से शख्स को उड़ाया

### थाने से ही मिल गई जमानत

**चेन्नई/एजेंसी।**

पुणे पोर्शे कांड के बाद हिट एंड रन का एक और मामला सामने आया है। चेन्नई में राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी ने अपनी बीएमडब्ल्यू कार से शख्स को रौंद दिया। इस घटना में शख्स की मौत हो गई। हैरानी की बात है कि घटना के बाद थाने से ही राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी माधुरी को जमानत मिल गई। बीडा मस्तान राव वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं।



यह घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। राज्यसभा सांसद बीडा मस्तान राव की बेटी माधुरी जब बीएमडब्ल्यू कार चला रही थी, तब उसके साथ उसकी सहेली भी थी। राज्यसभा सांसद की बेटी ने कथित तौर पर चेन्नई के बेसेंट नगर में फुटपाथ पर सो रहे 24 वर्षीय पेंटर सूर्या को कार से कुचल दिया। आनन-फानन में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी माधुरी तुरंत मौके से भाग गई, जबकि उसकी दोस्त कार से उतर गई और दुर्घटना के बाद इका हुए लोगों से बहस करने लगी। कुछ देर बाद वह भी भाग गई।

मृतक की आठ महीने पहले ही शादी हुई थी। बीएमडब्ल्यू कार से रौंदे जाने के बाद उनके रिश्तेदार और कॉलोनी के लोग जे-5 शास्त्री नगर पुलिस स्टेशन में कार्रवाई की मांग को लेकर जमा हो गए। जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो पता चला कि कार बीएमआर (बीडा मस्तान राव) ग्रुप की थी और पुडुचेरी में रजिस्टर्ड थी। माधुरी को गिरफ्तार तो कर लिया गया, मगर पुलिस स्टेशन से ही उसे जमानत मिल गई।

## जीटी रोड पर ट्रक-कार की टक्कर में चार युवकों की मौत, एक गंभीर




**धनबाद/एजेंसी**

झारखंड में धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर एक ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। हादसा मंगलवार देर रात लोहार बरवा नामक जगह पर हुआ। मृतकों में धनबाद के रांगा टांड इलाके के निवासी राहुल कुमार गुप्ता और गांधी नगर कॉलोनी निवासी अंकित शामिल हैं। दो अन्य की पहचान नहीं हो पाई है।

बताया गया है कि कार रॉन्ग साइड से जा रही थी। सामने से आ रहे ट्रक के साथ हुई जोरदार टक्कर में कार के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार मचने पर आस-पास के लोग दौड़े। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंची। कार की हालत यह थी कि उसमें फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए कटर मशीन मंगाई गई। भारी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला गया। चार की मौत हो चुकी थी। एक युवक को बेहद गंभीर हालत में धनबाद स्थित मेडिकल कॉलेज एसएनएमएमसीएच भेजा गया। कार में शराब की बोतल भी मिली है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कार चला रहा युवक नशे में रहा होगा। हादसे के कारण हावड़ा-दिल्ली रोड पर काफी देर तक आवागमन बाधित रहा।

# मंत्रिमंडल गठन ने तोड़े सारे भ्रम

मोदी मंत्रिमंडल का गठन जरूर हो गया है लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमंडल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु–परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले ही सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है। घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश बाबू और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई।

हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने के लिए झुकना सबको अब भी हैरान कर रहा है। यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन के सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमंडल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमंडल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।


भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से 'मोदी का परिवार' हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं? इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को देखना होगा जिसमें उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त जताई। यह बयान शायद भाजपा प्रमुख नड्डा के उस बयान का जवाब लगता है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा अब अपने पैरो पर खड़ी है। भागवत के बाद संघ के बड़े नेता इंद्रेश कुमार का बयान भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने भी भाजपा की टॉप लीडरशिप पर निशाना साधा। हालांकि इस पर सफाई भी आई। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर हैं। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से विविधताओं से भरे भारत देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। इसीलिए कभी लगता है कि मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार बेहद मजबूत है तो कभी लगता है कि भाजपा और उसके अपने महत्वपूर्ण आनुषांगिक दल ही क्यों खफा हैं।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी–भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तबज्जो चाहेगी तो कमोवेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेंडे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं। मंत्रिमंडल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू? क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमंडल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया?

हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चर्चाओं में है। लेकिन इटली में जी–7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल–मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चर्चाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है। लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना ही होगा।

नई परिस्थितियों में खुद की छवि को बजाए मसीहाई दिखाने के बड़ी सहजता और विनम्रता से लबरेज दिखाकर भी प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे। लोग तब और अब में फर्क भले ढूंढें लेकिन यह कब दिखेगा, कोई नहीं जानता। फिलहाल 30 जून का इंतजार है जब मन की बात के जरिए तीसरे कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी का पहला संबोधन क्या होगा?

# वैश्विक मंच पर भारत का महत्व



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

कुछ ही समय पहले इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने भारत के पीएम नरेंद्र मोदी को इस साल हो रहे G7 सम्मेलन में भाग लेने का न्योता दिया था। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की बाद इस सम्मेलन मे शामिल होने इटली पहुंचे थे। शिखर सम्मेलन में भारत ने विश्व कल्याण के प्रस्ताव लिए। इनको सर्वाधिक महत्व दिया गया। इनका महत्व इसलिए था क्योंकि इसमें पूरी मानवता के कल्याण का भारतीय चिंतन शामिल था।

संकट के समय सभी देशों से एकजुट प्रयास का आह्वान किया। चीन का नाम नहीं लिया गया, लेकिन विस्तारवादी और अमानवीय दृष्टिकोण रखने वाली ताकतों पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता बताई थी। शिखर सम्मेलन के साझा घोषणापत्र में इन सभी बातों का समावेश किया गया।

बड़ी कंपनियों का टैक्स भुगतान करना, जलवायु परिवर्तन के समाधान जैसे मुद्दों पर सहमति व्यक्त की गई। कोरोना महामारी से हुए नुकसान को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर जोर दिया। वैश्विक स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा, आधारभूत संरचना और शिक्षा के लिए मदद करने का भी वादा किया गया।

गरीब देशों को कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद के लिए सौ अरब डॉलर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही चीन पर दबाव बनाया जाएगा। कोरोना की उत्पत्ति के संबन्ध में जांच होगी। कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवस्था को कमजोर करने वाली बाजार विरोधी नीतियों पर नियंत्रण किया जाएगा। इज संगठन में दुनिया के विकसित देश शामिल हैं। भारत, चीन और रूस बड़ी अर्थव्यवस्था के देश है। किंतु ये देश सदस्यता हेतु निर्धारित बिंदुओं को पूरा नहीं करते। इसके बावजूद इसके शिखर सम्मेलन में भारत को विशेष रूप में आमंत्रित किया गया। कहने का मतलब यह कि यह संगठन भारत को अपना



स्वभाविक सहयोगी मानता है। इसका बड़ा कारण यह है कि भारत विश्व शांति, सहयोग व सौहार्द के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

कोरोना के दौरान भारत ने विकसित देशों की सहायता की थी। आतंकवाद को वैश्विक खतरा मानते हुए भारत ने सदैव इसका विरोध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में आतंकवाद के विरुद्ध साझा रणनीति बनाने का प्रस्ताव किया था। सदस्य देश भी इस प्रस्ताव की उपयोगिता समझते है। इसके अलावा जलवायु व पर्यावरण के संबन्ध में भी भारत विश्व कल्याण के अनुरूप प्रस्ताव करता रहा है। मुक्त समाज एवं मुक्त अर्थव्यवस्था सत्र में नरेंद्र मोदी एक प्रमुख वक्ता के तौर पर शामिल हुए। इसमें उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था, विचारों की उदारता व स्वतंत्रता के प्रति भारत की पारंपरिक प्रतिबद्धता के बारे में बताया और कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते भारत सत्तावादी व्यवस्था, आतंकवाद व हिंसक अतिवाद, गलत सूचना के प्रसार और आर्थि–क दबाव की रणनीति से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने के लिए जी–7 और मेहमान देशों का प्राकृतिक तौर पर मित्र राष्ट्र है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडेन ने कहा था कि अमेरिका संकट के समय भारत द्वारा दी गई सहायता को कभी भूल नहीं सकता। परस्पर सहयोग के इस अध्याय का एक बड़ा सन्देश भी है। इसके साथ ही हिंद प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर भी विचार विमर्श किया गया। सामूहिक तौर पर हिंद प्रशांत क्षेत्र को दुनिया के सभी देशों के लिए एक समान अवसर वाला बनाने पर जोर दिया गया है। साथ ही इन देशों ने यह कहा है कि इस उद्देश्य के लिए इस क्षेत्र के दूसरे देशों के साथ साझेदारी व सहयोग किया जाएगा। इन देशों ने भारत को सबसे बड़ा तोहफा दिया है। भारत को अब सीधे हाईस्पीड रेलवे के जरिये यूरोप से जोड़ने पर सहमति बनी है। इससे पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप तक भारत का व्यापार कई गुना तक बढ़ जाएगा। सात औद्योगिक देशों के समूह ने विज्ञप्ति जारी करके भारत पश्चिम–यूरोप आर्थिक गलियारे जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही इस प्रोजेक्ट को सड़क मार्ग के अलावा हाईस्पीड रेलवे के साथ भी जोड़ने का प्लान तैयार किया है। कहा गया कि हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए पीजीआईआई के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे। लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत–पश्चिम एथिया–यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना।

भारत–पश्चिम एशिया–यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण–पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था।

# साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार शक के घेरे में!



डॉ. सत्यवान सौरभ

कुछ दिन पहले केंद्रीय साहित्य अकादमी (अकादेमी) द्वारा 2024 के युवा व बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की सोशल मीडिया पर खबर के बाद बधाइयों के साथ– साथ, जैसे अकादमी पुरस्कारों को लेकर हर साल होता रहा है, कोई न कोई सवाल, विवाद तो उठता ही उठता है, इस बार भी कुमार सुशांत ने प्रविष्टि की अंतिम तिथि, और उसके बाद छपी पुस्तकों पर सवाल उठाते हुए पोस्ट लिखी तो जाहिर है मामला तूल पकड़ना ही था, कई प्रतिक्रियाएं, सवालों के रूप में सामने आ रही हैं। अकादमी के किसी भी नियम में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किताबों पर विचार के लिए कहीं कोई विशेषाधिकार का जिक्र या प्रावधान नहीं है।

नियम -3 के बिन्दु (6) में स्पष्ट लिखा है कि 24 भारतीय भाषाओं में प्राप्त सुयोग्य पुस्तकों की सूची संबद्ध भाषा परामर्श मण्डल के (संयोजक सहित) सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी जाएगी कि वे अकादमी द्वारा निर्धारित तिथि तक दो पुस्तकों का अनुमोदित करें। नियम 7 – विविध के पहले पैराग्राफ में यह जरूर लिखा है कि यदि भाषा परामर्श मण्डल के किसी सदस्य या निर्णायक के द्वारा संस्तुति भेजने की समय सीमा की अनदेखी की जाती है तो अकादमी यह मानकर चलेगी कि उसकी कोई संस्तुति नहीं है और तदनुसार अपनी पुरस्कार प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी सिवाय उस विशेष परिस्थिति के जिसमें अकादमी समय– सीमा को बढ़ा पाने की स्थिति में हो तथा वास्तव में उसे बढ़ाती हो।

आश्चर्य की बात जिन तीन लोगों के बारे में सवालिया निशान हैं वे तीनों ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड हैं यानी तीनों पुस्तकों की पैरवी की गई है। तीन पैरवी वाले लोगों में एक को पुरस्कार दिया गया है। अब ज्यूरी कितनी ईमानदार है यह सोचने वाली बात है। कहीं ऐसा तो नहीं कि लिस्ट में जितने नाम आए हैं वे सभी ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड ही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किए उनकी पुस्तक पर (रिकमेंड न होने के कारण) विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी?

प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्तिशः सूचित कर तिथि बढ़ा देती है तो बात अलग है, बावजूद इसके किसी नियम में यह कहीं लिखा है कि निर्णायक मण्डल या पैनल को अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी व्यक्तिगत जानकारी,सोर्स से प्रकाशित किताब को सूची में शामिल कर, करा सकता है। यदि इन नियमों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, यही हैं तो इनके प्रावधानों की जानकारी के बावजूद अगर निर्णायक मण्डल, पैनल तिथि के बाद प्राप्त, प्रकाशित किताबों पर विचार कर उसे अंतिम सूची में शामिल कर उन्हें पुरस्कार योग्य पाती है, पुरस्कार घोषित करती है तो अवश्य ही ये प्रतिभाएं अप्रतिम और विलक्षण हैं, इसमें संदेह नहीं होना चाहिए। याद दिला दूं कि साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार–2024 हेतु आवेदन और प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 थी। साहित्य अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा के साथ जिन 12 लेखकों का नाम प्रकाशित किया है उनमें दो लेखकों की पुस्तक आवेदन की तिथि के बाद आई है। पहले लेखक हैं शहादत और दूसरे विहाग वैभव। शहादत की पुस्तक 'क×र्फ्यू की रात' लोकभारती प्रकाशन से 2024 में पब्लिश हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के 5 महीने बाद और विहाग वैभव की पुस्तक राजकमल प्रकाशन से सितम्बर 2023 में प्रकाशित हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के एक महीने बाद।

पाठक दोनों पुस्तक के प्रकाशन का प्रमाण गूगल में देखें। ऐसी स्थिति में साहित्य अकादमी ने इन दोनों लेखकों की पुस्तकों पर विचार कैसे किया? इन दोनों पुस्तकों का नाम अंतिम सूची में कैसे है? नियमतः तो यह अमान्य और अनैतिक है। इस विषय पर शोध करने के दौरान पाया कि पुरस्कृत लेखक की पुस्तक 30 अगस्त 2023 को प्रकाशित हुई और 31 अगस्त 2023 आवेदन की अंतिम तिथि थी। एक दिन में स्वयं लेखक महोदय पुस्तक प्रकाशक से लेकर साहित्य अकादमी के कार्यालय कैसे पहुंचा दिए? क्योंकि साहित्य अकादमी की प्रेस विज्ञप्ति में साफ–साफ लिखा है कि "आवेदक को पुस्तक की दो प्रतियां स्वयं प्रमाणित जन्म प्रमाण पत्र के साथ जमा करानी होगी।"

साहित्य अकादमी से अनुरोध है कि इसपर गौर फरमाया जाए और तुरन्त कार्रवाई करते हुए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024 की घोषणा वापस ली जाए। नए सिरे से पुरस्कृत युवा की नई घोषणा की जाए। यह अन्य समर्थ युवा लेखकों के साथ ज्यादती है। यह तो बहुत गंभीर मामला है, पारदर्शिता का दावा करने वाली अकादमी के लिए बहुत ही अपमानजनक भी, लेखकों को संज्ञान लेना चाहिए, अकादमी सचिव, अध्यक्ष से जवाब तलब करना चाहिए। सुशांत जी, आपने प्रमाण सहित जो साहित्य अकादमी की पोल खोली है उस पर सभी साहित्यकारों की दृष्टि जानी चाहिए। अब इन पुरस्कारों का कोई मूल्य नहीं रह गया। क्या इनके सदस्य भी प्रायोजित होते हैं और निर्णायक भी। कम से कम साहित्यिक पुरस्कारों को पारदर्शिता अवश्य रखनी चाहिए। उचित लेखन का मूल्यांकन करके ही पुरस्कार घोषित होने चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गुम हो रही आंगन की गौरैया

अम्बरीष कुमार सक्सेना

घरों को अपनी चीं..चीं की आवाज से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते बड़े हुआ करते थे। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। आधुनिकता की अंधी दौड़ के कारण गौरैया के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। स्थिति यह है कि इस पक्षी की संख्या लगातार कम होती जा रही है। कहीं–कहीं तो यह बिल्कुल दिखाई नहीं देती। गौरैया को बुद्धिमान चिड़िया माना जाता है। उसकी खासियत है कि वह परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को न सिर्फ ढाल लेती है बल्कि अपना घोंसला व भोजन भी उनके अनुकूल बना लेती है। इन्हीं विशेषताओं के कारण यह विश्व में सबसे ज्यादा पाई जाने वाली चहचहाती चिड़िया बन गई। गौरैया बहुत ही सामाजिक पक्षी है और ज्यादातर पूरे वर्ष झुंड में उड़ती है। एक झुंड 1.5–2 मील की दूरी तय करता है। लेकिन भोजन की तलाश में अक्सर वह 2–5 मील भी निकल जाती है।

गौरैया का प्रमुख आहार अनाज, जमीन पर बिखरे दाने व कीड़े–मकौड़े हैं। कीड़े खाने की आदत के चलते उसे किसानों का मित्र माना जाता है। पहले गौरैया जब अपने बच्चों को चुग्गा कराती थी तो हम बड़े ही कौतूहल से उसे देखते थे। लेकिन अब इसके दर्शन भी मुश्किल हो गए हैं। वह विलुप्त हो रही प्रजातियों की सूची में आ गई है। ग्रामीणों के मुताबिक गौरैया की आबादी में 70 से 80 फीसद तक की कमी आई है। अगर उसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास बन जाए। इसके बाद भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले।

कभी खुले आंगन में फुदकने वाली यह चिड़िया, छप्परों में घोंसले बनाने वाली यह चिड़िया, बच्चों के हाथों से गिरे अनाज खाने वाली चिड़िया अब बंद जाली के आंगन व बंद दरवाजों की वजह से अपनी दस्तक नहीं दे पाती हमारे घरों में। गाहे–बगाहे अगर यह दाखिल भी हो जाती है तो छतों पर टंगे पंखों से टकरा कर दम तोड़ देती है। बड़ा दर्दनाक है यह सब जो इस अनियोजित विकास के दौर में हो रहा है। आधुनिकता व विकास के कारण हम अपने आसपास सदियों से रह रहे तमाम जीवों के लिए कब्रगाह तैयार करते जा रहे हैं। बिना यह सोचे कि इसके बिना यह धरती और हमारा पर्यावरण कैसा होगा।

पिछले कुछ वर्षो में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए पुराने घरों की तरह जगह नहीं मिल पाती। सुपर मार्केट संस्कृति के कारण पुरानी पंसारी की दुकानें घट रही हैं। इससे गौरैया को दाना नहीं मिल पाता है। इसके अतिरिक्त मोबाइल टावरों से निकले वाली तरंगों को भी गौरैया के लिए हानिकारक माना जा रहा है। ये तरंगें चिड़िया की दिशा खोजने वाली प्रणाली को प्रभावित कर रही है और उनके प्रजनन पर भी विपरीत असर पड़ रहा है जिसके परिणाम स्वरूप गौरैया तेजी से विलुप्त हो रही है।

# भारत को सीरिया बनाने की फिराक में इस्लामिक आतंकवाद!



मनोज कुमार अग्रवाल

राक पाकिस्तान फिर जम्मू–कश्मीर में खून बहाने की साजिशें रच रहा है बीते सप्ताह चार दिन में जम्मू कश्मीर में चार आतंकी हमले हुए हैं। शुरुआत रियासी में तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकी हमले से हुई और बाद में कठुआ, डोडा में कायराना करतूत सामने आई। रियासी आतंकी हमले में 9 लोगों की मौत हो गई, इनमें एक मासूम बच्चा भी शामिल था। लेकिन दुनिया के मंच पर भारतीय मीडिया जिहादी इस्लामी आतंकवाद का शिकार बने मासूम की मौत के मामले और फोटो को गंभीरता के साथ वायरल करने में नाकाम रहे। हालांकि सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस तस्वीर से पाकिस्तान इतना डरा हुआ है कि बचने के लिए लगातार टेररिस्ट अटैक की साजिशें रच रहा है। इसी वजह से 4 दिनों में उसने 4 अटैक करवाए। वह लगातार कश्मीर में हालात खराब करने की कोशिशों में जुटा है, ताकि घरेलू मोर्चे पर भी लोगों को शांत कर सके। यह इस्लामिक आतंकवाद की नयी साजिश है जिसका मकसद भारत में सीरिया जैसे हालात पैदा करना है।

पाकिस्तान जम्मू–कश्मीर के बदलते हालात से बौखला गया है। आम चुनावों में लोगों की बढ़ती भागीदारी ने उसकी जमीन खिसका दी है। आने वाले विधानसभा चुनाव से वह डरा हुआ है। उसे जम्मू–कश्मीर में लोगों का समर्थन नहीं मिल रहा। इससे एक बार फिर पुराने एजेंडे पर आ गया है। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई आतंकियों की घुसपैठ कराने की कोशिश कर रही है। सूत्रों की मानें तो रियासी में बस पर हुए हमले में जिस तरह एक ढाई साल के मासूम बालक को इस्लामी दहशतगर्दो ने अंधाधुंध गोलीबारी में मार दिया वह दुनिया को शर्मसार करने वाला है लेकिन भारतीय मीडिया आतंकवाद के शिकार बने इस मासूम की फोटो को अन्तरराष्ट्रीय पटल पर उस तरह रखने में नाकाम रहा जिसतरह दुनिया के दूसरे देशों में आतंकवाद का शिकार बने बच्चों की फोटो से दुनिया भर में मानवता को बचाने की आवाज़ को मुखर किया गया था। पाकिस्तानी दहशतगर्दों की गोलीबारी में मारे गए मासूम बालक की तस्वीर अंतरराष्ट्रीय मंच पर वायरल क्यों नहीं हुई? क्या दुनिया में हिन्दू बच्चे की हत्या पर कोई सहानुभूति नहीं है? या हमारा मीडिया मानवीयता और राष्ट्रीय हितों को पीछे छोड़कर सिर्फ अपने हितों को साधने में व्यस्त हैं।कई बार ऐसी चीजों की वजह से दुनिया भर में आतंकवाद फैलाने वाले जिहादीयों को मात खानी पड़ी है। बच्चों की वायरल तस्वीरें पहले भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को झिंझोड़ चुकी हैं. 2015 में 2 साल के एक बच्चे की तस्वीर वायरल हुई थी। ऐलन नाम का यह बच्चा सीरिया के रिफ्यूजी कैंप में रहता था, जो मेडिटेरियन सी में डूब गया था। इसी तरह ओमरान नाम के सीरियाई बच्चे की तस्वीर ने लोगों को हिलाकर रख दिया था। क्योंकि वह हमले के बाद खून और धूल में लथपथ कुर्सी पर बैठा हुआ था। गाजा में इजरायली सेना के हमले के बाद भी ऐसी ही कई तस्वीरें सामने आईं, जिसने इजरायल के प्रति सहानुभूति खत्म कर दी।

अगर रियासी हमले में मारे गए बच्चे की तस्वीर वायरल हो जाती, तो दुनिया के सामने पाकिस्तान की आतंक फैलाने और पोषण करने की घटिया साजिश एक बार फिर से सामने आ जाती और उस के मुह पर मानवता के हत्यारा होने का कलंक दुनिया के सामने आता। इससे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से उसे जो कर्ज मिलने वाला है, उसमें बाधा आती। रियासी की घटना की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, जो पाकिस्तान से संचालित हो रहे लश्कर का ही एक गुट बताया जाता है। इसीलिए जैसे ही उसने जिम्मेदारी ली, कुछ ही देर बाद बयान जारी कर पलट गए। जानकारों की मानें तो शायद इसके लिए पाकिस्तानी अधिकारियों की ओर से आतंकियों पर दबाव डाला गया होगा। अब इनसे ध्यान भटकाने के लिए पाकिस्तान जम्मू–कश्मीर में लगातार आतंकी हमले करवा रहा है। घाटी में आतंकी अगर सक्रिय होने की कोशिश कर रहे हैं, तो सेना ने भी मोर्चा संभाल रखा है। इस साल अब तक 9 से ज्यादा आतंकियों को ढेर किया जा चुका है। जम्मू के सूरनकोट में आंतकियों ने एयर फोर्स की गाड़ी पर हमला किया। इस हमले में एक वायुसैनिक की मौत हो गई। उसके बाद अब रियासी में बड़ा हमला। आतंकी सॉफ्ट टार्गेट पर अटैक कर रहे हैं। पिछले साल से अब तक सुरक्षाबलों ने कुल 80 आतंकियों को ढेर किया। अगर पिछले तीन साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो पिछले साल मारे गए 71 आतंकियों में से 48 पाकिस्तानी और 23 स्थानीय आतंकी थे। साल 2021 में जम्मू कश्मीर में 181 आतंकी मार गिराए गए थे, जिनमें 30 पाकिस्तानी और 151 लोकल आतंकी थे। साल 2022 में 183 आतंकी मारे गए, जिसमें 56 पाकिस्तानी और 127 लोकल आतंकी थे।

दरअसल भारत में चुनाव के दौरान रक्षा मंत्री और गृहमंत्री के पाक अधिकृत कश्मीर पर बयानबाजी से पाकिस्तान बौखला गया है और उसने बचाव के लिए आक्रामकता अपनाते हुए अपना फोकस घाटी की जगह जम्मू की तरफ कर दिया है। आतंकी अब फिदायीन हमले नहीं, बल्कि घात लगाकर सेना के काफिलों पर अटैक करने के बजाए अकेले चल रही गाड़ियों को निशाना बना रहे हैं। पिछले साल इस तरह के हमलों में सेना को 27 जवानो की शहादत देना पड़ी। ज्यादातर घटनाएं जम्मू के इलाके में हुई। पिछले तीन साल के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2021 में 22, साल 2022 में 12 कैजुअल्टी सेना को आतंकी हमलों में हुई। अब भारतीय सुरक्षाबल आतंकियों का ढूंढ ढूंढकर सफाया कर रहे हैं। पाकिस्तान में नई सरकार गठन होने के बाद पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसियों की नजर कश्मीर पर है। सूत्रों के मुताबिक, पाक सेना कश्मीर में घुसपैठ के लिए अपने आतंकियों को लॉन्च पैड पर इकट्ठा कर दिया है. खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्थ कश्मीर में गुरेज के दूसरी ओर, और पीओके में एलओसी के पास तौबत लॉन्च पैड पर 7 से 8 आतंकी देखे गए हैं। ये घुसपैठ का मौका तलाश रहे हैं। इसी तरह माछिल सेक्टर के दूसरी ओर तेजियां लॉन्च पैड, केरन सेक्टर के दूसरी ओर पीओके में दुधियाल पर लश्कर के 5 आतंकियों की मौजूदगी है। उरी के दूसरी ओर 5 लश्कर और जैश का एक गुट एक्टिव है। तो रामपुर सेक्टर की तरफ 5 और पुंछ में भी 4–5 आतंकियों का गुट नियंत्रण रेखा पार करने की फिराक में है। हालांकि हर साल बर्फबारी खत्म होने के बाद से ही घाटी में आतंकियों को भेजे जाने की आइएसआई की कोशिश तेज हो जाती है। लेकिन भारतीय सेना का ग्रिड इतना मजबूत है कि ज्यादातर कोशिशों को विफल कर देता है। एक बार फिरऐसी कोशिश हो रही है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू किया जा रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू–कश्मीर में दखल दे सकते हैं। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति–सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।

वहीं इन हमलों का चिंताजनक पहलू यह है कि अब तक आतंकी घटनाओं का केंद्र दक्षिण कश्मीर आदि इलाके होते थे। की बार ये हमले जम्मू क्षेत्र में हुए हैं। जम्मू के इलाके में घटनाओं में वृद्धि शासन–प्रशासन के लिये गंभीर चिंता होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले जहां लश्कर–ए–तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ का में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश–ए– एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने हाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को जबाव दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली व यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी।

देश के नीति नियंताओं को आत्ममंथन करना होगा कि क्यों कश्मीर का जनमानस राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रहा है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतने के लिये भारत सरकार ने हर संभव कोशिश की है सरकार की अनुकूल अनुकूल नीतियों के चलते पाक अधिकृत कश्मीर में भी हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे गूंज रहे है यही वजह है कि पाकिस्तान आखिरी हाथ पैर मार रहा है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में अवैध कब्जों, अतिक्रमण के खिलाफ करी कार्रवाई

## हीरा पथ बी 2 बाईपास न्यू सांगानेर रोड़ से वन्देमातरम् मार्ग तक प्रस्तावित 100 फीट सेक्टर रोड़ में करीब 2.5 कि.मी. तक रोड़ सीमा में किये गये अवैध अतिक्रमणों हटाए, अन्य स्थानों से भी हटाए अतिक्रमण

चमकता राजस्थान











जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 जून। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-पीआरएन साउथ हीरा पथ बी-2 बाईपास, न्यू सांगानेर रोड़ से वन्देमातरम् मार्ग तक प्रस्तावित 100 फीट सेक्टर रोड़ पर उच्च न्यायालय डीबी सिविल रिट पीटीषन संख्या 11818/2023 में निर्णय की पालना में करीब 2.5 कि.मी. तक रोड़ सीमा में किये गये अवैध कब्जा-अतिक्रमणों से रोड़ सीमा को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जा रहा है। जोन-12 में जेडीए की योजना करधनी के भूखण्ड संख्या सी-1 से सी-4 , सी-6 से सी-8, सी-11, सी-12 पर अवैध कब्जा-अतिक्रमण, ग्राम कालवाड़ के खसरा नं. 682 गैरमुमकिन आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया। साथ ही ग्राम हाथोज में अंसल सुशांत सिटी फेज-2 आवासीय योजना में दो भूखण्डो के मध्य रिक्त भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि उपायुक्त पी.आर.एन.(साउथ), समस्त उपनियंत्रक प्रवर्तन एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-01, 08, 14 और पृथ्वीराज नगर साउथ के सहयोग से वन्देमातरम् चौराहा से हीरापथ बी-2 बाईपास, न्यू सांगानेर रोड़ के दोनों तरफ कल दिनांकः 18.06.2024 से लगातार रोड़ सीमा से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही जारी रखते हुये आज दिनांकः 19.06.2024 को करीब 800 मीटर आगे तक रोड़ सीमा में लगभग 70 मकान-दुकानों के किये गये अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जेसीबी मशीन, पोकलेण्ड मशीन व लोखण्डा गैस कटर की सहायता से हटाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देशन में उपायुक्त पी.आर.एन.(साउथ) समस्त उपनियंत्रक प्रवर्तन एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-01, 08, 14, पी.आर.एन.(साउथ), स्थानीय पुलिस थाने का पुलिस जाब्ता, पुलिस लाईन का अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की जा रही है। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम हाथोज करधनी स्कीम, जिला जयपुर के आवासीय भूखण्ड संख्या सी-1 से सी-4 , सी-6 से सी-8, सी-11, सी-12 पर अवैध अतिक्रमण को पूर्व हटाये जाने के बावजूद पुनः अवैध रूप से अतिक्रमण कर 02 ईटों की कोटडिया व 02 छान छप्पर के अवैध अतिक्रमण करने की सूचना प्राप्त होने पर आज पुनः जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कालवाड़, जिला जयपुर में खसरा नं.-682 गैर मुमकिन आम रास्तें पर करीब 150 मीटर लम्बाई में कब्जा-अतिक्रमण कर लंबी दिवार व कोठडीनुमा कमरा इत्यादि बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो आमजन द्वारा रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

इसी प्रकार जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कालवाड़ जिला जयपुर में अंसल सुषांत सिटी फेज-2 आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड संख्या 115 व 116 के मध्य स्थित रिक्त भूमि पर चारदीवारी बनाकर किये गये अतिक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रिक्त भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-12, 10, 07 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक मनीष यादव 21 जून को करेंगे शाहपुरा उपखंड कार्यालय का घेराव

**चमकता राजस्थान। शाहपुरा।** शाहपुरा विधायक यादव ने कहा कि क्षेत्र में पेयजल समस्या अघोषित विद्युत कटौती समस्या व क़ानून व्यवस्था की स्थिति बहुत लचर है। जलदाय विभाग क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति करने में पूरी तरह विफल साबित हो चुका है, लोग पेयजल के लिए परेशान है। तथा नलों में आ रहा गंदा पानी पीने को मजबूर है, जिससे बीमारियों के शिकार हो रहे है।क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती तथा विद्युत फ़ॉल्ट की समस्या ने भयंकर रूप ले लिया है। ग्रामीण सहित ही शहरी क्षेत्रों में 6 से 7 घंटे विद्युत कटौती आम हो गयी है क्षेत्र में जगह-जगह विधुत लाइने ढीली पड़ी है तथा विद्युत पोल जर्जर हालत में है जिसकी परिणाम पिछले दिनों आये अंदड में सबने देखा है। विद्युत फ़ॉल्ट के कारण लोगो के घरों के उपकरण जल जाते है तथा अग्निकांड जैसी घटनाए रोज़ घट रही है। क्षेत्र में रोज़ वाहन चोरी, लूट, नकबजनी, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा अन्य आपराधिक घटनाए बढ़ती जा रही है। क्षेत्र में वाहन चोरी के साथ ही पशुधन/मवेशीयो की चोरी की घटनाएँ भी होनी लगी है। शाहपुरा पुलिस थाना की 1 ' की परिधि में स्थित उपजिला अस्पताल तथा पार्क में रोज़ वाहन चोरी की घटनाएँ हो रही है परंतु उक्त घटनाओं पर लगाम लगाने में शाहपुरा उपखंड प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह नाकाम व विफल साबित हो चुका है।कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने कहा कि मुख्य सचिव, जिला कलेक्टर और उपखण्ड प्रशासन शाहपुरा से व्यक्तिशः मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवा चुका हूं, लेकिन उसके बाद भी प्रशासन नजरअंदाज कर समस्याओं में कोई सुधार नहीं कर रहा है।विधायक यादव ने कहा कि 21 जून को प्रातः 9 बजे कृषि मंडी में मीटिंग आयोजित कर शाहपुरा की जनता जनार्दन के साथ उपखण्ड कार्यालय का घेराव करेंगे।



### निर्जला एकादशी के पावन पर्व कि संध्या शीतल पेय के पैकेट वितरित किए



**चमकता राजस्थान** उदयपुरवाटी गुढ़ागौड़जी( सुमेर सिंह राव )लोक सेवा ज्ञान मंदिर के तत्वावधान में निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राहगीरों व झुग्गी बस्तियों में शीतल पेय पदार्थ के पैकेट वितरित किए गए। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष हरिराम सैन ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा समय समय पर धार्मिक अनुष्ठानों पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। ट्रस्ट प्रभारी दिनेश सांखला ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा समय समय पर दिव्यांग, विधवा, अनाथ बच्चों व सरकारी योजन जन जन तक शिविर के आयोजन किए जाते हैं।इस सेवा में ट्रस्ट के अध्यक्ष अंकित गुप्ता, सहप्रभारी तनु सांखला, महेंद्र,श्रवन सांखला, अभिनेंद्र, कपिल शर्मा, विवेक आदि ने सहयोग किया ।

## हंसनला बालाजी धाम आश्रम पर विशाल मेले का आयोजन कल

### श्रद्धालु बालाजी महाराज के धोख लगाकर मांगेंगे मन्नत

- **महिला एवं पुरुष पहलवानों द्वारा कुश्ती दंगल में दिखाए जाएंगे दाव पेच**
- **सुप्रसिद्ध भजन गायकारों द्वारा होगी भजनों की रस गंगा प्रवाहित : मदनलाल भावरिया**

चमकता राजस्थान



**उदयपुरवाटी ' (सुमेर सिंह राव)** । नीमकाथाना जिले के गुहाला के पास स्थित हंसनला बालाजी धाम आश्रम पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून शुक्रवार को कल बालाजी महाराज के विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा ' राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बालाजी महाराज का विशाल मेला कर्मयोगियों की कर्मस्थली एवं तपसियों की तपोस्थली श्री हंसनला बालाजी धाम आश्रम पर विशाल मेले का आयोजन श्री हनुमान दास जी मोनी बाबा मोनी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा ' मदनलाल भावरिया के अनुसार मेले के दौरान पुरुष एवं महिला पहलवानों द्वारा कुश्ती दंगल का आयोजन भी किया जाएगा ' जिसमें महिला एवं पुरुष पहलवान कुश्ती दंगल में दांव पेच दिखाएंगे ' मंदिर परिसर में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजनों की रस गंगा प्रवाहित की जाएगी ' संयोजक श्री हनुमान दास जी मोनी बाबा के अनुसार आज 20 जून गुरुवार को हवन व पूजन का कार्यक्रम होगा रात्रि में सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजनों की रस गंगा प्रवाहित की जाएगी ' कल 21 जून शुक्रवार को प्रातः हनुमान जी की भव्य झांकी सजाई जाएगी जिसमें दूर दराज से आए हुए श्रद्धालु बालाजी महाराज के दर्शन कर धोक लगाकर मन्नत मांगेंगे ' शाम को 5:00 बजे पहलवानों द्वारा कुश्ती दंगल का आयोजन होगा '

## चिलचिलाती धूप में पैदल राहगीरों को पिलाया ठंडा जल

### उदयपुरवाटी में हीट वेव को देखते हुए कि ठंडे पानी की व्यवस्था

चमकता राजस्थान



**उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव)** कस्बे में घूम चक्कर पर स्थित गटे के पास कुछ समाज सेवकों ने चिलचिलाती धूप को ध्यान में रखते हुए ठंडे जल की व्यवस्था की और पैदल आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा जल पिलाया ' शंकर बीज भंडार डॉ महेंद्र सैनी फिरासवाला, दिलखुश जनरल स्टोर आदि के द्वारा ठंडे जल की व्यवस्था की गई थी जो दिन भर पैदल रहागिरो और दुपहिया वाहन चालकों को ठंडा जल पिलाते रहे ' भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन लाल सैनी के अनुसार अगर इसी तरीके से गर्मी का मौसम जारी रहा तो कस्बे के मुख्य मार्गों पर समाज सेवकों द्वारा ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएगी 'लोग कस्बे के मुख्य चौराहों पर ठंडे जल की व्यवस्था राहगीरों के लिए अपने स्तर पर ही करवा रहे हैं ' इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन लाल सैनी, पूर्व भाजपा नेता बनवारी लाल सैनी, गोकुलचंद सैनी ,नंदलाल टेलर आदि के द्वारा वितरण कर व्यवस्था की गई।

## समस्याओं के समाधान के लिए दो नगर निगम जरूरी : सोनू कुरैशी

- **भाजपा एक निगम करेगी तो नहीं होंगे कार्य,आमजन काटेगा निगम के चक्कर**



**चमकता राजस्थान। कोटा.** ।कोटा में दो नगर निगम होने से समस्याओं का जल्दी निस्तारण होता है। एक-एक पार्षद की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाता है और उसके समाधान का प्रयास किया जाता है। कोटा में हालही में चर्चा में आया है कि भाजपा सरकार एक नगर निगम किए जाने की योजना पर विचार कर रही है, लेकिन यदि कांग्रेस के द्वारा किए गए दो नगर निगम को वापस से एक किया जाता है तो गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। अलग-अलग नगर निगम होने से समस्याएं जल्दी सामने आती है और अधिकारी उन पर जल्दी एक्शन लेते हैं। सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर और कोटा दक्षिण नगर निगम बनाए जाने के बाद कांग्रेस सरकार में अभूतपूर्व विकास हुआ है। नाली, पटान, सड़क, पानी, बिजली, पार्क, शमशान और कब्रिस्तान सहित सैकड़ो कार्य कराए गए हैं। वार्ड पार्षदों ने जो भी समस्याएं बताई उसका समय रहते निस्तारण कांग्रेस की सरकार में किया गया। यही कारण है कि दो नगर निगम होने से अधिकारियों के काम में गुणवत्ता भी देखने को मिलती है और जवाब देही भी रहते हैं। यदि एक नगर निगम होगा तो अनेक पार्षद होंगे, अधिक पार्षद होने पर एक अधिकारी उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं कर पता है और एक महापौर भी इतने बड़े शहर को कवर नहीं कर पाता और समस्याएं बढ़ती चली जाती है। जो सक्षम पार्षद हैं वह तो अपने कार्य करा लेंगे लेकिन अधिकाशं पार्षद की सुनवाई नहीं होगी। वर्तमान में भी अधिकारी बजट नहीं होने का हवाला देकर कार्य नहीं कर रहे हैं। ऐसे में यदि भाजपा सरकार एक नगर निगम करने की सोच रही है तो वह बड़ी भूल होगी। सोनू कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सोच समझ कर दो नगर निगम किए थे, वार्ड छोटे किए और पार्षद अपनी समस्या को समय पर बता पता है। बड़े वार्ड होने से समस्याएं वार्ड पार्षद तक भी नहीं पहुंच पाती हैं। कुरैशी ने कहा कि कई ऐसे बड़े शहर हैं जहां पर दो नगर निगम है और वहां कार्य भी आसानी से हो रहा है। कोटा शहर में कुल 150 वार्ड है कि जिसमें कोटा दक्षिण में 80 और कोटा उत्तर में 70 वार्ड है। इन सभी वार्डों में दो महापौर दो उप महापौर होने से अधिकारियों की अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई जिससे कि काम का निस्तारण जल्दी हुआ। यदि भाजपा सरकार नगर निगम को एक करती है तो लोगों को निगम के चक्कर काटने पड़ेंगे। शहर की समस्या गहरा जाएगी।

### पीएचईडी के इंजीनियर्स जा सकतें सामूहिक अवकाश पर

## प्रदेश भर में गर्मियों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था हो सकती हैं ठप

- **दो साल नियमित डीपीसी नहीं होने से इंजीयर्स में नाराज़गी**
- **मंत्री कैन्हयालाल चौधरी ने करी पीएचईडी इंजीनीयर्स विभाग के चारों संगठनों से सकारात्मक वार्ता, बनी विभिन्न मांगों को लेकर सहमति**

चमकता राजस्थान



जयपुर ( खलील कुरैशी )पीएचईडी विभाग में अभियंताओं की लम्बे समय से चल रही समस्याओं के निराकरण हेतु संगठन लगातार प्रयासरत था उपरोक्त समस्याओं का निराकरण हेतु मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, जन स्वा अभी. विभाग ने आज दिनांक 19 ख४ल्ली 2024 को इंजिनर्स के चारों संगठनों (ऋएअफ, फएएट, फरएरअ & फळअर) को एक साथ वार्ता के लिए बुलाया था । इस हेतु फएएट के तत्वावधान में महासचिव दयाराम चौधरी उपस्थित रहे मंत्री महोदय से की गई वार्ता में निम्न बिन्दुओ पर वार्ता सफल रही -:(1). विभाग में लंबे समय से लंबित DPC को अतिशीघ्र आयोजित करवाया जाना- उपरोक्त के संबंध में मंत्री ने गहन चर्चा करते हुए एक माह के अंदर DPC प्रक्रिया पूर्ण करवाए जाने का पूरा आश्वासन दिया !(2). विभाग में इंजीनियर्स पर बिना पूर्ण जाँच एवं विश्लेषण के सीधी कार्रवाई निलंबन /APO को रोका जाना 'उपरोक्त के संबंध में मंत्री ने भविष्य में पूर्ण जाँच व विश्लेषण उपरांत ही इस तरह की कार्रवाई को अमल में लाए जाने का विश्वास दिलाया !- (3). विभाग में नवनियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं / सहायक अभियंताओं के फिक्सेशन में आने वाली समस्याओं को दूर करवाए जाने के लिए 'उपरोक्त के संबंध में मंत्री ने प्रमुख सचिव महोदय से वार्ता कर व कार्मिक विभाग से भी आने वाली समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया - (4). पदोन्नति में बजट घोषणा में घोषित दो साल के relaxation को बेच 2015 व अन्य योग्य अभियंताओं हेतु डीपीसी में अमल में लाए जाने हेतु भी वार्ता की गई इस हेतु मंत्री जी ने अपनी और से कार्मिक विभाग को पत्र प्रेषित किए जाने हेतु आश्वासन दिया !

## संक्षिप्त खबर

### राजीव गांधी युवा मित्र पुनः बहाली को लेकर सीएम के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** युवा मित्र संघर्ष समिति राजस्थान के नेतृत्व में बुधवार को राजीव गांधी युवा मित्रों द्वारा 5000 युवा मित्रों की पुनः बहाली के लिए भरतपुर जिला कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई केंद्र पर सीएम भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया गया। युवा मित्र संघर्ष समिति के कोषाध्यक्ष पदम सिंह सैनी ने बताया कि अशोक गहलोत सरकार में लगाए गए 5000 युवा मित्रों को भजनलाल सरकार ने आते ही हटा दिया था। तब शहीद स्मारक जयपुर पर 72 दिन से ज्यादा धरना चला और बेरोजगार युवा पानी की टंकी पर जान देने के लिए चढ़ गए थे। तब सरकार ने आचार संहिता समाप्ति के बाद दुबारा बहाली होने की बोल कर धरना समाप्त कर दिया था। ज्ञापन के दोरान जिला कलेक्टर और सीएम जनसुनवाई केंद्र में ज्ञापन देते हुए फोटो नही खींचने दिया गया, जिसको लेकर युवा मित्रो ने नाराजगी दिखाई।

### अपना घर आश्रम प्रभुजनों को समर्पित 121 बैड के नवीन भवन का विधिवत लोकार्पण



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में डॉ. केशव चंद्र मंगल ( अमेरिका ) द्वारा समर्पित भूमि पर निर्मित अपना घर आश्रम बाड़ी धौलपुर के प्रभुजनों को समर्पित 121 बैड के नवीन भवन का विधिवत लोकार्पण आज दिनांकः-19 जून 24 को किया गया! बाड़ी :- आश्रयहीन, असहाय, पीड़ितों की सेवार्थ डॉ. केशव चंद्र मंगल (अमेरिका) द्वारा समर्पित भूमि पर निर्मित अपना घर आश्रम बाड़ी के प्रभु जनों को अर्पित 121 बेड के नवीन भवन का लोकार्पण आज, अपना घर संस्था के संस्थापक डॉ. बी एम भारद्वाज एवं अपना घर संस्था के राष्ट्रीय पदाधिकारी धौलपुर जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी, बी.डी. अग्रवाल (पुष्पांजलि ) आगरा, डॉ. राम अवतार अग्रवाल धौलपुर, मोहन बाबू (श्री ज्वैलर्स आगरा), राजेंद्र प्रसाद गर्ग, (सीआरसी आगरा), छोटेलाल बंसल आगरा, आशीष बंसल आगरा, सूरज बंसल बी पी इलेक्ट्रिकल्स, अतुल गर्ग दीपक शिखा खेरागढ़, रमेश मित्तल भट्टा वाले, डॉ. बी एम भारद्वाज संस्थापक, विनोद कुमार सिंगला राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय वित्त सचिव, वीरपाल सिंह राष्ट्रीय संरक्षक, सोम कुमार मित्तल आदि का दुपट्टा उड़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर जोरदार स्वागत सम्मान किया गया! इस लोकार्पण के मौके पर श्रीनिधि बी टी जिला कलेक्टर द्वारा बताया गया, कि सभी तीर्थ का तीर्थ है! अपना घर आश्रम , इससे बड़ा कोई तीर्थ नहीं है। पूरे भारत में 61 जगह अपना घर आश्रम बने हुए हैं! उन आश्रमों में 10000 से अधिक प्रभुजन सेवा ले रहे हैं। दीन दुखियों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है। आगरा से पधारे सभी बंदू , पूर्व विधायक गिरिराज सिंह मलिंगा, हनीफ खान तहसीलदार बाड़ी, डॉ. शिवदयाल मंगल, डॉ. हरिकिशन मंगल पीएमओ , विष्णु महेरे, रलड शिवलहरी मीणा, सुनील मित्तल, मुन्नालाल अग्रवाल समाज अध्यक्ष, सुनील गर्ग, अनिल मंगल (पप्पन) तमाम गणमान्य लोगों के सानिध्य में हुआ! नवीन भवन का लोकार्पण, प्रदेश भर के सैकड़ो समाजसेवी लोग इस पल के साक्षी वने!

### बुजुर्ग से सवा 2 लाख की ठगी

**चमकता राजस्थान, अलवर (राजवीर सिंह)।** खेलडी क्षेत्र में एक बुजुर्ग रिटायर्ड अध्यापक से 220000 रुपये की ठगी का मामला सामने आया। प्राप्त जानकारी अनुसार खेड़ली क्षेत्र निवासी बाल्किशम गुप्ता बडौदा क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक से एक लाख रूपये, कैनरा बैंक से 20 हजार रुपए तथा पोस्ट ऑफिस से एक लाख रुपए निकालने के बाद कुल 2 लाख 20 हजार रुपए लेकर घर आ गए जबकि बुजुर्ग के रूप्ये, चश्मा व चैक बुक थैले में रखे हुए थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति उनके घर आया और बोला कि ग्रामीण बैंक में आपके हस्ताक्षर नही मिल रहे है जिसपर पीड़ित दोपहर 12:00 बजे अज्ञात व्यक्ति की मोटरसाईकिल पर बैठकर चले गये। अज्ञात व्यक्ति ने बुजुर्ग को गोला कुआ के पास उतारा ओर कहा कि मुझे दुसरे व्यक्ति पप्पू मोदी की बहू जो 2 लाख रूप्ये लेकर गई उसके भी हस्ताक्षर नहीं मिल रहे है उस लेडिज को भी लेकर आता हूँ, तब तक आप बैंक में बैठो। पीड़ित बुजुर्ग बैंक पहुँचा तो बैंक वालो ने कहा की हमने कोई आदमी बैंक से नहीं भेजा है, जबकि अनजान व्यक्ति बुजुर्ग को गोला कुआ के पास छोडकर बुजुर्ग के घर आया तथा उसकी पत्नि रामदुलारी देवी से बोला कि अभी जो थैला देकर गये है उसे बैंक में आपके पति बालकिशन ने मंगाया है। बुजुर्ग की पत्नि ने पूरा थैला उसे दे दिया और जब बुजुर्ग घर आया तो उसे इस ठगी का पता चला। अनजान व्यक्ति पीड़ित का थैला जिसमें 2 लाख 20 हजार रुपए व अन्य सामान रखा हुआ था उसे लेकर फरार हो गया।

### बिजली संकट की समस्या को ले टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**चमकता राजस्थान, अलवर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर बिजली संकट से अवगत कराया है। जूली ने बताया कि प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। बिजली की बेतहाशा मांग की वजह से फाल्ट ट्रिपिंग और वोल्टेज की दिक्कतो से लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 8 घंटे व अलवर शहर में तीन से चार घंटे तक बिजली विभाग द्वारा अघोषित रूप से बिजली कटौती की जा रही है। उन्होंने बताया कि कई इलाके तो ऐसे हैं जहां पर हर आधे घंटे में बिजली गुल हो रही है। बिजली कटौती से जहां शहर में पानी की आपूर्ति पर प्रभाव पड़ रहा है वही ग्रामीण क्षेत्र में फसलों को समय पर पानी नहीं मिलने से फसलों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि डिस्कॉम में तंत्र कुप्रबंधन एवं तकनीकी सिस्टम में परेशानी एवं मेटेरियल की कमी का बहाना कर फॉल्ट ठीक नहीं किया जाता। कहीं-कहीं तो फॉल्ट को सुधारने में 16 घंटे से भी ज्यादा का समय लग जाता है जिससे बिजली की समय पर आपूर्ति नहीं हो पाती। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बिजली से संबंधित शिकायतें सुनने के लिए कॉल सेंटर पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन इसके बावजूद न तो कॉल सेंटर पर शिकायत दर्ज हो रही है ना ही फॉल्ट ठीक करने के लिए टीम समय पर पहुंच रही है।कॉल सेंटर पर तो ज्यादातर समय आप कतार में है ही सुनाई देता है जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# बारोली में नरेगा योजना में घोटाले को लेकर हुआ जमकर हंगामा

**चमकता राजस्थान**

**भुसावर (राजवीर सिंह)।** केंद्र द्वारा संचालित नरेगा योजना में ग्राम पंचायतों में सरपंचों और कर्मचारियों की मिली भगत के कारण जमकर घोटाले हो रहे है और सरकारी राशि का दुरपयोग किया जा रहा है ग्राम पंचायतों में सरपंचों की ओर से मिस्ट्रोल में भारी घोटाला फर्जीवाड़ा किया जा रहा है पंचायत समिति कार्यालय की ओर से बिना सरपंच और सचिवों के पास वर्ड के मिस्ट्रॉल जारी की जा रही जिसका नमूना भुसावर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बारोली में देखने को मिला है ग्राम पंचायत बारोली में ग्राम पंचायत की सरपंच चंद्रवती शर्मा और एल डी सी की मिली भगत के कारण नरेगा की मिस्ट्रोल में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है विश्वत सूत्रों ने बताया की ग्राम पंचायत बारोली में सरपंच और सचिव के बिना पास वर्ड के नौ महीने से मिस्ट्रोल जारी की गई जिसमे जमकर घोटाला सरपंच और एल डी सी की ओर से किया गया है। भुसावर पंचायत समिति के विकास अधिकारी की ओर से बिना सचिव और सरपंच के पासवर्ड के ही मिस्टरोल जारी की गई है ऑन लाइन मिस्ट्रोल जारी होनी चाहिए जबकि ग्राम पंचायत की ओर से ऑफ लाइन मिस्ट्रोल जारी की जा कर कार्य किया जा रहा है सरकारी सूत्रों ने बताया की ग्राम पंचायत बारोली के सरपंच चंद्रवती शर्मा की ओर से राष्ट्रीय कार्यक्रमों राजकार्य में सहयोग की भावना से कार्य नहीं किया जा रहा है जिसकी शिकायत ग्राम वासियों की ओर से जिला कलेक्टर को की गई है सरकारी कार्यों के लक्ष्यों की पूर्ति नहीं हो रही है ग्राम पंचायत के लोगो ने जिला कलेक्टर को लिखा है की सरपंच चंद्रवती खुद सरपंच का कार्य नहीं कर उसका पति अवैधानिक रूप से कार्य करता रहता है जानकारी मिली है सरपंच चंद्रवती शर्मा के पति सरकारी कर्मचारियों पर अवैधानिक कार्य कराने को दबाव डालते रहते हैं इसी प्रकार से सरकारी प्राय देखा गया है की ग्राम पंचायतों में सरपंच खुद सरपंची नही करते हैं उसके भाई पति भतीजे सरपंची करने में लगे हुए हैं गांव में फैल रहे नरेगा कार्य को सरपंच नही देख कर उनके भाई भतीजा पति अबैधानिक तरीके से कार्यों की विजिट कर सरकारी कर्मचारियों सचिवों एल डी सी को डांट फटकार लगाते हुए गलत कार्य करने का दबाव डालते है और जब सचिव गलत कार्य या सरपंचों के अनुकूल कार्य नहीं करते है तब ईमानदार कर्मचारियों की शिकायत करते रहते है या उनको चार्जशीट दिलवाने में लगे रहते है इस प्रकार की शिकायतों को लेकर पूर्व में गांव वालों ने जिला कलेक्टर को भेजी गई लेकिन फर्जीवाड़ा करने वाले सरपंचों एल डी सी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई ग्राम पंचायतों में नरेगा में हो रहे फर्जीवाड़ा को लेकर ग्राम। पंचायत बारोली में नरेगा श्रमिकों ने ग्राम पंचायत बारोली मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर सरपंच और एल डी सी के खिलाफ नारे बाजी कर जिला कलेक्टर से मिस्ट्रोल में हुए घोटाले की जांच की मांग की गई हैं।



## एडीजे ने जिला चिकित्सालय में स्थित प्रसूति गृह का किया निरीक्षण



**चमकता राजस्थान, धौलपुर ( रामदास तरुण)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जारी एक्शन प्लान की अनुपालना में आज दिनांक :-19.06.2024 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर रेखा यादव द्वारा जिला चिकित्सालय धौलपुर में स्थित मैटरनिटी होम (प्रसूति गृह) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव रेखा यादव द्वारा प्रसूति गृह की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं प्रसूति गृह भर्ती प्रसूताओं से भी चर्चा कर चिकित्सालय द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। अस्पताल परिसर में आवारा पशुओं की रोकथाम एवं साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराये जाने हेतु पीएमओ धौलपुर को आवशयक निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पीएमओ डॉ. विजय सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिओम गर्ग, नर्सिंग अधीक्षक प्रदीप बंसल, सहायक नर्सिंग अधीक्षक हरिशंकर शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## सुनील पांडेय ने ओलंपिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीता गोल्ड मेडल

**चमकता राजस्थान**

**भुसावर (राजवीर सिंह)।** कस्बा भुसावर निवासी सुनील पाण्डेय पुत्र चतुर्भुज पाण्डेय ने इंग्लैंड में आयोजित ओलंपिक टूर्नामेंट में बैडमिंटन खेलते हुए गोल्ड मैडल जीतकर भारत का नाम रौशन किया है। सुनील पाण्डेय पुत्र चतुर्भुज पाण्डेय ने बताया कि इंग्लैंड में आयोजित कॉलिंस एयरोस्पेस के कॉरपोरेट ओलंपिक टूर्नामेंट में उनके द्वारा भाग लिया और गोल्ड जीता। इस टूर्नामेंट में इटली, यूके, यूएसए, पोलैंड, इंडोनेशिया, फ्रांस, भारत समेत कई देशों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में भारत का सामना इंडोनेशिया से हुआ। जहां सुनील ने 21-17 से जीतकर भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। सुनील पाण्डेय कॉलिंस एयरोस्पेस में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में सीनियर लीडर के पद पर कार्यरत हैं और अपने अतिरिक्त समय में बैडमिंटन खेलते हैं। सुनील पाण्डेय के सभी परिवार जनों चंद्रभान पाण्डेय, वासुदेव पाण्डेय, मोहन पाण्डेय, ललित पाण्डेय, कौशल पाण्डेय, प्रमोद मुद्गल, मनीषा पांडेय, विनोद शर्मा, निशा, आशीष शर्मा, ज्योति, माधुरी पांडेय, हुनर, सिया पांडेय एवम समस्त परिवार एवं कस्बा वासियों ने फोन करके बधाई दी। सुनील अभी लंदन में है और गुरुवार को भारत वापस आयेंगे।




## टीम हर घर शिक्षा का प्रतिभा सम्मान समारोह, पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के आतिथ्य में हुआ कार्यक्रम





**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर कि बाड़ी उपखंड के खानपुर मीणा गांव में हर घर शिक्षा, घर-घर शिक्षा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुए, कार्यक्रम में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रतिभाओं का मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए एसपी धौलपुर सुमित महरेड़ा ने कहा कि हर मेडल प्रोत्साहन देता है! इन्हें जीतो और आगे बढ़ो। प्रतिभा सम्मान समारोह के कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नव चयनित युवा आईएएस लक्ष्मण मीणा, शिक्षाविद बच्चू सिंह रावत, सरपंच किशन सिंह मीणा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सियाराम मीणा, डॉ. रंजीत मीणा, सरपंच खानपुर राजेश मीणा सहित तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**हर घर शिक्षा -घर घर शिक्षा** बाड़ी, जिला धौलपुर (राजस्थान) पर शिक्षा टीम द्वारा योजित कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में पधारने सभी का अभिनन किया गया! कार्यक्रम की टीम हर घर शिक्षा के संस्थापक रोहित मीणा एवं उनकी टीम के साथी भूरी सिंह, अजमेर सिंह, बलबीर सिंह, नीरज, अजमल खान, हलुका, अंकित, राजेश, पुष्पेंद्र सुमन मंगल एवं अन्य बताया कि उनकी टीम द्वारा बच्चों की पढ़ाई से जरूरी टीचिंग एवं कोचिंग निःशुल्क कराई जाती है। साथ में बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित किया जाता है। साथ में सामाजिक स्तर पर भी पौधारोपण, परिंदे बांधना एवं जानवरों को एक्सीडेंट से बचाने के लिए रेडियम बेल्ट बांधने जैसे अभियान चलाए जाते हैं। टीम का पहला आयोजन, प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का प्रयासः टीम हर घर शिक्षा के संस्थापक रोहित मीणा ने बताया कि उनका पहला प्रयास है। जिसमें प्रतिभाओं को सम्मान दिया गया है।

## विज्ञान भारती राजस्थान में पौधारोपण अभियान के तहत लगाएगी एक करोड़ पौधें

**चमकता राजस्थान**

**अलवर ।** संपूर्ण विश्व में पारिस्थितिकी तंत्र प्रकृति के असंतुलन से गड़बडाया हुआ है, जिसके कारण पूरी पृथ्वी भयंकर तापमान को झेल रही है और आलम यही रहा तो वो दिन दूर नहीं ज़ब तापमान 52 से 55 डिग्री सल्सियस तक पहुंच जायेगा, ऐसे ताप वार से बचने का केवल एक ही उपाय है पारम्परिक स्थानीय पौधों का का अधिकाधिक रोपण एवं उनका परिवार की तरह संरक्षण करना`इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए विज्ञान भारती राजस्थान इकाई नें सम्पूर्ण राजस्थान में न केवल 1 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है। बल्कि आगामी 3 वर्षो तक उन पेड़ों की संभाल कर हमारे जंगलो को पुनर्जवित करने एवं पारिस्थितिक तंत्र को पुनः स्थापित करने का संकल्प लिया हे। इसी अभियान के तहत आज अलवर से इस अभियान का आगाज हुआ जिसके तहत विज्ञान भारती अलवर की टीम के साथ कार्य योजना बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई जिसमे नगर के अविकसित पार्क या अन्य खाली जगह को प्रशासन की अनुमति से गोद लेकर उसमे नीम,पीपल व बरगद के वृक्ष लगाकर जैव विविधता को संरक्षित करने पर कार्य किया जायेगा क केशव कृपा कार्यालय पर विज्ञान भारती के प्रदेश सचिव डॉ मघेद्र शर्मा द्वारा प्लांटेशन ड्राइव पोस्टर का विमोचन किया गया क इस अवसर पर विज्ञान भारती से डॉ अतुल गुप्ता, डॉ भवानी शंकर शर्मा, डॉ अनूप प्रधान, उअ किशन गुप्ता, डॉ पवन कुमार, डॉ नरेश जैन, सौरभ कालरा, निर्मल प्रकाश सूरा, पायल सैनी, वेद राठौड़, मोहित डुडेजा सहित सूर्यकान्त भारद्वाज उपस्थित रहे।




## किशनगढ घटना को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री ने दिए कठोर कार्यवाही के निर्देश

**चमकता राजस्थान**

**श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर किशनगढ़ मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक अजमेर देवेन्द्र कुमार विश्नोई एवं पुलिस उपाधीक्षक सिटी किशनगढ महिपाल सिंह से वार्ता कर घटना की उच्च स्तरीय जांच कर घटना में संलिप्त सभी दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने हेतु किया निर्देशित।केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी ने कहा कि मेरे अजमेर लोकसभा क्षेत्र के किशनगढ़ सब्जी मंडी में मृत पशु के अवशेष फेंके जाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसमें किशनगढ़ की सामाजिक सौहार्दयपूर्ण व्यवस्था को बिगाड़ने की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।सूचना मिलते ही केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने दिल्ली स्थित कृषि मंत्रालय से ही संबंधित पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों से बातचीत कर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिस पर स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही करते हुए कुछ दोषियों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी।साथ ही मंत्री चौधरी ने प्रशासन को निर्देश दिए कि इस घटनाक्रम में साजिशकर्ताओं की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही हो, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी ने इस संबंध में समाज के सभी वर्गों से सामाजिक सौहार्द, शांति एवं भाई-चारा बनाए रखने की अपील की।



# करोड़ों रुपए कमाने का जरिया बनी सरकारी जमीन

- **सरकारी जमीन पर सात अवैध पार्किंग संचालित**
- **नगर विकास न्यास एवं संबंधित थाना मौन, शायद मिल रही है दूध की मलाई**

**चमकता राजस्थान**

**अलवर।** नगर विकास न्यास की करोड़ो रुपए की जमीन पर अतिक्रमण नगर विकास न्यास के अधिकारियों शायद खा रहे हैं मलाई इस लिए अतिक्रमण के खिलाफ नहीं करते करवाई सभी अधिकारी जान कर है अनजान सभी मौन है कार्रवाई के नाम पर करते खाली बातें शहर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित करोड रुपए की जमीन पर अवैध रूप से चल रही है सात पार्किंग अमित पार्किंग चलने वाले पार्किंग से लाखों रुपए महीने करते हैं इनकम हमारे रिपोर्टर द्वारा मालूम किया गया तो पता लगा यहां पर भारी वाहनों की अवैध पार्किंग सरकारी जमीन पर बनाकर करोड़ों रुपए हर महा कमा रहे है। इस से अंदाजा लगाया जा सकता है कि संबंधित विभाग कितना लापरवाह है। सरकारी जमीनों की जिले में क्या स्थिति होगी इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। दरअसल सरकारी जमीन पर व्यापक स्तर पर अतिक्रमण को लेकर नगर विकास के अधिकारी जानबूझकर खामोश है, लेकिन ताज्जुब यह है कि एनईबी थाना क्षेत्र में खुलेआम चल रही अवैध पार्किंग जिसका पुलिस विभाग को मालूम होने के बावजूद पुलिस मौन अवैध पार्किंग चोर के लिए गाड़ी खड़ी करने का ठिकाना इससे चोरों के हौसले बुलंद भारी वाहनों को चुरा कर इस अवैध पार्किंग में खड़ा करके चोरी पुलिस से आसानी से बच सकता है शायद ऐसा हो भी रहा हो यह सारा मामला शहर के पुल पार कला कालेज के पास ट्रांसपोर्ट की तरफ उतरते ही यूआईटी की जमीन है। यह जमीन माल गोदाम तक भू माफिया द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा है प्रशासन की नाक के नीचे काफी - लंबे समय से अतिक्रमण कर चौपहिया वाहनों की अवैध पार्किंग बना रखी है। यूआईटी और जिला प्रशासन की मिली भक्ति से अवैध पार्किंग धड़ल्ले से बिना रोको पर चल रही है शायद इसमें संबंधित विभाग एवं संबंधित थाने को मलाई खाने को मिल रही है इसीलिए किसी प्रकार की कार्रवाई करने से नगर विकास न्यास एवं संबंधित पुलिस इन पर कार्रवाई नहीं करती दबंगों ने मन्दिर माफी, सरकारी जमीन और अन्य तरह की जमीनों पर कब्जा कर रखा है। नगर विकास न्यास की जमीन पर अतिक्रमण कर भू माफिया द्वारा अवैध पार्किंग से कितना मोटा मुनाफा हो रहा है जिसका आकलन प्रशासन एवं संबंधित विभाग करें तो पेरो तले जमीन खिसक जाएगी सरकारी जमीन पर बनी अवैध पार्किंग पर एक ट्रक से सौ रुपये से लेकर तीन सौ रूपये तक लेते है। प्रतिदिन सभी पार्किंग में करीब पांच सौ भारी वाहन पार्क होते है। एक माह में सरकारी जमीन पर बनी पार्किंग से करीब एक करोड़ से ज्यादा कमाई होती है। इस कमाई का कुछ हिस्सा शायद नगर विकास न्यास एवं संबंधित थाने में भी पहुंचता होगा। अनेकों दुकानदारों का यह कहना है जिस विभाग की जमीन है वह विभाग प्रलोभन के कारण इनके खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ हैंनगर विकास न्यास द्वारा हर साल ट्रांसपोर्ट नगर में चल रही अवैध पार्किंग का ठेका दिया जाता है जिससे सरकार को राजस्व मिलता है काफी लंबे समय से यह नहीं हुआ जिसके कारण यहां अवैध पार्किंग का संचालन चल रहा है नगर विकास न्यास के अधिकारीयों की लापरवाही के कारण कितना मोटा राजस्व का नुकसान सरकार को उठाना पड़ रहा है।



# जल जीवन मिशन घोटाले में ठेकेदार के पास 7.50 करोड़ की संपत्ति ईडी कर रही सीज करने की तैयारी

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) जल जीवन मिशन (जेजेएम) में भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहली बार गिरफ्तार आरोपियों की संपत्ति सीज कर सकती है। इसे लेकर पीएचईडी ठेकेदार पदमचंद जैन की संपत्ति के रिकॉर्ड लिए गए हैं। ईडी पदमचंद जैन की जयपुर में स्थित पांच प्रॉपर्टी तक पहुंच चुकी है, जो कुल 7.50 करोड़ से ज्यादा की है। राजस्व और जिला प्रशासन से भी रिकॉर्ड लेकर इस पर काम किया जा रहा है। वहीं, मंगलवार को 5 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद ईडी की विशेष कोर्ट ने पदमचंद जैन को जेल भेज दिया है। बता दें कि ईडी ने आरोपी ठेकेदार और श्री श्याम ट्यूबवेल के संचालक पदमचंद जैन को 14 जून को गिरफ्तार कर 5 दिन की रिमांड पर लिया था। दरअसल, ईडी ने जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कानून में कार्रवाई की है। ईडी अब इस मामले से जुड़े तारों को जोड़ने का प्रयास कर रहा है। ईडी ने गत 5 दिन इस मामले में कथित मास्टर माइंड पदमचंद जैन से कड़ी पूछताछ कर कड़ियां जोड़ने का काम किया है।

## खातों में 136 करोड़ का लेनदेन मिला

### ये है पूरा मामला

» पीएचईडी विभाग में अलवर के बहरोड़ में पोस्टेड एक्सईएन मायालाल सैनी, नीमराणा में पोस्टेड जेईएन प्रदीप के साथ रिश्वत देने वाले ठेकेदार पदमचंद जैन और कंपनी के सुपरवाइजर मलकेत सिंह को एसीबी टीम ने 7 अगस्त को गिरफ्तार किया था। इनके साथ एक दलाल प्रवीण कुमार को भी पकड़ा गया था। एसीबी ने इनके पास से 2.90 लाख रुपए कैश जब्त किया था। सभी बहरोड़ से जयपुर के होटल पोलो प्रदीप मलकेत सिंह मायालाल सैनी पदमचंद जैन विक्ट्री पहुंचे हुए थे। घूस का पैसा लेकर जाने लगे तो पीछा कर चौमूं पुलिया के पास घेरकर पकड़ लिया। कार में बैठे बहरोड़ एईएन राकेश चौहान की भूमिका सामने आने के बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया था। ठेकेदार पदमचंद जैन की फर्म श्याम ट्यूबवेल कंपनी है और महेश मित्तल की फर्म गणपति ट्यूबवेल है। पदमचंद जैन और महेश मित्तल आपस में जीजा–साला हैं। जल जीवन मिशन (जेजेएम) में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र लगा कर दोनों कंपनियों पर जयपुर रीजन प्रथम व द्वितीय के इंजीनियरों से मिलीभगत कर 900 करोड़ के टेंडर लेने का आरोप है। सितम्बर– 2023 में एसीबी ने फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर टेंडर हासिल करने के आरोप में श्याम ट्यूबवेल, गणपति ट्यूबवेल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद ईडी मामले की जांच कर रहा है।



प्रदीप मलकेत सिंह
मायालाल सैनी पदमचंद जैन

### ● इनको बनाया है आरोपी

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार मामले में मायालाल सैनी, प्रदीप कुमार, राकेश चौहान, पदमचंद जैन, मलकेत सिंह, महेश मित्तल, प्रवीण कुमार अग्रवाल और पदमचंद जैन के बेटे पीयूष जैन को आरोपी बनाया है। इनमें ईडी पदमचंद जैन और उसके बेटे पीयूष जैन को गिरफ्तार कर चुकी है। करीब एक दर्जन समन देने के बावजूद महेश मित्तल अभी ईडी अधिकारियों के सामने पेश ही नहीं हुए हैं। महेश मित्तल की फर्म श्री गणपति ट्यूबवेल को जल जीवन मिशन योजना में 367.56 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ था।

### ● खातों में 136 करोड़ का लेनदेन मिला

ईडी को पूछताछ में अन्य लोगों की भूमिका का पता चल चुका है। पदमचंद जैन के खातों में करीब 136.41 करोड़ के लेनदेन को भी खंगाला गया है। इससे ईडी को एक बड़ी लीड मिली है। ईडी इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से दर्ज एफआईआर को आधार बना कर पीएमएलए कानून में कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेल से अंतरिम जमानत से फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

● डोडाचूरा की तस्करी में न्यायिक हिरासत से अंतरिम जमानत से फरार हुआ था




**चमकता राजस्थान। जयपुर/चित्तौड़गढ़,!(खलील कुरैशी) 19 जून।** चित्तौड़गढ़ में निकुम्भ थाने के तहत एनडीपीएस एक्ट के 1 क्विंटल 43.500 किलोग्राम डोडा चूरा जब्ती के मामले मे न्यायिक हिरासत से अंतरिम जमानत से फरार होने पर पुलिस थाना कोतवाली चित्तौडगढ पर दर्ज प्रकरण में वांछित आरोपी को पुलिस की विशेष टीम ने एमपी के डिकेन से गिरफतार किया हैं पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया गया कि 06 जनवरी 2020 को थानाधिकारी निकुम्भ ने नाकबंदी के दौरान एक बोलेरो पीक-अप मे भरा हुआ 143 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा जब्त कर आरोपी लाभचन्द पाटीदार पुत्र बापुलाल (39) निवासी गांव डिकेन थाना रतनगढ जिला नीमच एमपी को गिरफतार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भिजवाया था। आरोपी लाभचन्द को स्वयं के ईलाज कराने के लिए उच्च न्यायालय जोधपुर के आदेश से 02 अप्रैल 2022 से 01 सितंबर 2022 तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने की के अवधि बढ़ाकर 12 जनवरी 2023 तक जिला कारागृह चित्तौड़गढ़ पर उपस्थित होने हेके लिए पांबद किया गया था। परन्तु लाभचन्द अतंरिम जमानत अवधि उपभोग के बाद जिला कारागृह चित्तौड़गढ़ पर उपस्थित नही होकर फरार हो गया। जिस पर लाभचन्द के खिलाफ कोतवाली चित्तौड़गढ़ पर फरारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश की एएसपी परबत सिंह व डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्री लाल राव के निर्देशन में थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा रामसुमेर व थानाधिकारी सदर निम्बाहेडा संजय शर्मा द्वारा एक विशेष टीम एएसआई सूरज कुमार कोतवाली निम्बाहेडा, एएसआई लेखराज सदर निम्बाहेडा, एएसआई देवी लाल सेन थाना कोतवाली चित्तौडगढ, कानिस्टेबल देवेन्द्र, विरेन्द्र, राकेश, सुरेन्द्र पाल, रतन, मुकेश, भूप सिंह की टीम का गठन किया गया। टीम को सूचना मिली कि वांछित आरोपी लाभचन्द अपने घर पर ही रहकर किसी खेत पर रहता है। इस पर एएसआई सूरज कुमार मय टीम के आरोपी के गांव में उस खेत पर पहुंचे जहां यह रहता था। जहां से आरोपी को डिटेन कर लाकर थानाधिकारी थाना कोतवाली चित्तौड़गढ़ को सपुर्द किया।

## पूर्व सीएम गहलोत का पलटवार

# 'चिरंजीवी योजना नहीं होती तो घर बिक जाते'

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बजट पूर्व बैठक में डॉक्टरों के चिरंजीवी योजना को सदी की सबसे असफल योजना बताने पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने पलटवार किया है। गहलोत ने प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टरों पर झूठ बोलकर अच्छी योजना और मेडिकल के पवित्र पेशे को बदनाम करने का आरोप लगाया है। गहलोत ने सोशल मीडिया में बयान जारी कर तल्ख अंदान में पलटवार किया है गहलोत ने एक्स पर लिखा- कल बजट पूर्व चर्चा में किसी डॉक्टर का मेरे ऑपरेशन पर तथ्यात्मक रूप से गलत बयान मोडिया के माध्यम से जानकारी में आया है। मेरा हर्निया का ऑपरेशन फरवरी 2019 में हुआ था, जबकि चिरंजीवी योजना मई 2021 से शुरू हुई थी।लाखों लोगों के जीवन में इलाज से हुआ सुधार गहलोत ने आगे लिखा- मेरी आर्टरी में ब्लॉकिज, पैरों के अंगूठों में फ्रैक्चर और कोविड के बाद हैप्पी हाइपोक्सिया होने पर इलाज एसएमएस अस्पताल में ही हुआ। इसके कारण मैं कुछ दिन भर्ती भी रहा। सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर ही इलाज करवाया। चिरंजीवी योजना से लाखों लोगों के जीवन में




सुधार हुआ है। पूर्व सीएम ने आगे लिखा अगर ये योजना न होती तो न जाने कितने गरीबों और मध्यमवगौय परिवारों के जमीन-जायदाद इलाज में बिक जाते। निजी अस्पतालों के कुछ डॉक्टरों को ऐसा असत्य बोलकर एक अच्छी योजना और मेडिकल जैसे पवित्र पेशे को को बदनाम कले से मेरा हर्निया का ऑपरेशन पहले हुआ था, डॉक्टर झूठ बोलकर पेशे को बदनाम न करें डॉक्टर्स बोले थेः चिरंजीवी इस सदी की असफल योजना बता दें कि सीएम भजनलाल ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को बजट पूर्व परामर्श बैठक की थी। इसमें एसोसिएशन की ओर से कहा गया था कि चिरंजीवी योजना की असफलता के कारण ही जनता ने कांग्रेस सरकार को सिरे से नकार दिया है। डॉक्टरों की तरफ से कहा गया था कि योजना में निजी अस्पतालों को मुफ्त इलाज के बदले जो राशि दी जाती है, वो बेहद कम है। ऐसे में राजस्थान में निजी अस्पताल ठीक से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। इससे राजस्थान में जो मेडिकल टूरिज्म बढ़ रहा था, वो अब रिवर्स होने लगा है। इसका उदाहरण स्वयं अशोक गहलोत हैं, जिन्होंने अपने हर्निया का ऑपरेशन मुंबई में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में कराया। क्योंकि, चिरंजीवी योजना में हर्निया के ऑपरेशन पर निजी अस्पतालों को 13 से 17 हजार रुपए का भुगतान किया जाता है, जो अपने आप में हास्यास्पद है।बचना चाहिए। 'राइट टू हेल्थ' के नियम जल्द लागू करें पूर्व सीएम ने लिखा- हमारी सरकार ने 'राइट टू हेल्थ' का कानून बनाया। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में फ्री इलाज हो सके। वर्तमान सरकार को डॉक्टर एसोसिएशन के साथियों को विश्वास में लेकर 'राइट टू हेल्थ' के नियम जल्द से जल्द बनाकर लागू करने चाहिए। इससे राजस्थान के हर निवासी को इलाज का अधिकार मिले।

# जयपुर में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का सहायक अभियंता एवं वरिष्ठ सहायक 30 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## आरोपियों के आवास एवं ठिकानों की तलाशी जारी

चमकता राजस्थान

जयपुर,( खलील कुरैशी )19 जून, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये ब्रज किशोर डेनवाल, सहायक अभियंता एवं सुरेश कुमार शर्मा वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक अभियंता, खण्ड-अष्ठम, जयपुर दक्षिण, सिविल लाईन्स, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर को परिवादी से 30 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. मुख्यालय को एक शिकायत इस आशय की मिली कि उसका पानी का कनेक्शन जारी करने की एवज में आरोपी



सुरेश कुमार शर्मा वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक अभियंता, खण्ड-अष्ठम, जयपुर दक्षिण, सिविल लाईन्स, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर द्वारा सहायक अभियंता ब्रजकिशोर डेनवाल के नाम पर 60 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। परिवादी के अनुनय विनय के पश्चात आरोपी 50 हजार रुपये रिश्वत पर सहमत हुये हैं। जिस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ.रवि के सुपरवीजन में ए. सी.बी. जयपुर नगर-प्रथम इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए ब्रज किशोर डेनवाल सहायक अभियंता एवं सुरेश कुमार शर्मा वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक अभियंता, खण्ड-अष्ठम, जयपुर दक्षिण, सिविल लाईन्स, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर को परिवादी से 30 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है उल्लेखनीय है कि आरोपियों द्वारा शिकायत से पूर्व भी परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिमअनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हैंश्रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24ग्7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

# जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम कल

● जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा कार्यक्रम



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 जून।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 20 जून 2024 (गुरुवार) को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव भी भाग लेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

# राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 की तैयारियां अंतिम चरण में

● जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने लिया तैयारियों का जायजा



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने मंगलवार को तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनन्द शर्मा ने बताया कि इस की तैयारियों के विषय में ग्राम पंचायत एवं तहसील मुख्यालयों के साथ ही जिला मुख्यालयों पर उपस्थित समस्त औषधालय, चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं अधीनस्थ स्टाफ द्वारा प्रतिदिन योग प्रशिक्षकों से योगाभ्यास करवाया जा रहा है। वहीं, विभिन्न विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में योगाभ्यास हेतु लाने के प्रयास किये जा रहे है। इस हेतु आवश्यक संसाधनों की तैयारियां की जा रही है।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक डॉ. सीतेश्वर भारद्वाज ने बताया किअन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आमजन को योग से जोड़ने एवं उन्हें योगाभ्यास करवाने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

## रेल संबंधी समस्याओं के निस्तारण के संबंध में सौंपा ज्ञापन

# जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह का दैनिक रेल यात्री संघ के प्रतिनिधियों ने किया भव्य स्वागत, दी जीत की बधाई

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) । दैनिक रेल यात्री महासंघ आसलपुर जोबनेर व दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा द्वारा नवनिर्वाचित सांसद राव राजेंद्र सिंह का उनके निवास पर बुक्का भेंटकर स्वागत कर बधाइयां दी। तथा इस अवसर पर दैनिक रेल यात्री महासंघ आसलपुर जोबनेर व दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा द्वारा एक संयुक्त ज्ञापन भी दिया, जिसमें कोरोना काल से पूर्व फुलेरा जंक्शन व आसलपुर जोबनेर स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव था, जो बंद किए गए हैं उन ट्रेनों का ठहराव पुनः किया जावे जिससे आमजन व मजदूर वर्ग को अपनी रोजी-रोटी के लिए आवा गमन की सुविधा मिल सके तथा मासिक सीजन टिकट (टरळ)की सुविधा जो बंद की गई है पुनः सभी ट्रेनों में लागू किया जावे। इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल में महासंघ आसलपुर जोबनेर अध्यक्ष गोपाल कुमावत सचिव नरेंद्र पारीक, दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत अध्यक्ष अशोक वासदेव,भारतीय जनता पार्टी बूथ अध्यक्ष अमित जोशी, सचिन कुमावत, अमरचंद कुमावत गिरधारी लाल आदि शामिल थे।



## एक नजर

### सतलुज नदी में समाया ट्रक, चालक की मौत

**शिमला।** राजधानी शिमला से सटे सुन्नी पुलिस थाना के तहत चाबा के पास एक ट्रक सतलुज नदी में समा गया। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई है। हालांकि उसका शव नदी से नहीं निकाला गया है और ना ही शव की शिनाख्त हो पाई है। राहत व बचाव कर्मी शव को निकालने में जुटे हैं। यह हादसा मंगलवार तड़के हो गया था, लेकिन स्थानीय पुलिस को दिन में इसका पता चला। सूचना मिलते ही सुन्नी पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची और नदी में लापता ट्रक व चालक की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान नदी में डूबे ट्रक के एक छोटे हिस्से में मृतक व्यक्ति के पैर दिखाई दिए।

### स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का किया जा रहा काम : सुरेश भट्ट



**देहरादून।** राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने बुधवार को बताया कि प्रदेश की धामी सरकार द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। खासकर प्रदेश सरकार उत्तराखंड के ग्रामीण और सुदूरवर्ती क्षेत्रों के चिकित्सालयों मे चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाने का काम कर रही है। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उत्तराखंड के चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का काम कर रही है और आगामी दिनों में उत्तराखंड के कई चिकित्सालयों को अपग्रेड करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में जो पद रिक्त पड़े हुए थे उन्हें भरने का काम किया जा रहा है और हमारा लक्ष्य है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बैठे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाए।

### श्रीलंका में चार भारतीय मछुआरे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में मंगलवार तड़के मछली पकड़ने गए चार भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर उनकी नौका जब्त कर ली। इसके साथ ही इस साल अबतक 180 से अधिक भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी की गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने जारी एक बयान में कहा भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की इस हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली गयी तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया। नौसेना ने कहा कि मंगलवार की गिरफ्तारियों समेत, श्रीलंका के जल क्षेत्र में अवैध तरीके से कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर इस साल अब तक कुल 182 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया है।

### बिजली कटौती से दुखी किसानों ने पूंडरी-राजौंद मार्ग पर लगाया जाम



**कैथल।** पाई गांव के किसानों व ग्रामीणों ने बिजली आपूर्ति ने होने पर बुधबार को पूंडरी-राजौंद मार्ग पर जाम लगा दिया। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भाजपा सरकार को किसानों का दुश्मन बताया। बिजली आपूर्ति न होने से धान के लिए खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। पाई गांव के तमाम किसान और ग्रामीण राजौंद-पूंडरी मार्ग पर सुबह सडक के बीचों बीच बैठ गए। किसान वीरेन्द्र पाई, राजेश, करतारा पाई आदि का कहना है कि बिजली विभाग खेतों की सप्लाई होने वाली बिजली में लगाताकर कटौती कर रहा है। किसानों की बार बार मांग के बाद भी बिजली विभाग उनकी अनदेखी कर रहा है। ऐसे में किसानों में भारी गुस्सा है। जाम लगा कर सड़क पर बैठे किसानों का कहना था कि खेतों में बिजली देने का रात 12 बजे का शड्यूल था, लेकिन सुबह साढ़े 4 बजे खेतों में बिजली छोड़ी गई है। धान के सीजन में उन्हें बिजली कम मिल रही है। इसी के चलते उन्हें धान की रोपाई को लेकर परेशानी आ रही है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**हरिद्वार।** दिल्ली राजमार्ग पर रुड़की बाईपास के पास मंगलवार देर रात को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। सिविल लाइंस कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरके सकलानी ने बताया कि बाइक सवार अली अब्बास उम्र 35 वर्ष निवासी हल्का मोहल्ला मंगलौर, मंगलौर की ओर जा रहा था। रुड़की बाईपास के पास देर रात को उसकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती से दुष्कर्म के आरोपित ठेकेदार को पुलिस ने भेजा जेल

**ऋषिकेश।** जनपद पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाउन में एक ठेकेदार द्वारा झाड़ फूंक के नाम पर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लैंसडाउन मोहम्मद अकरम ने बताया कि पीड़िता ने पिछले दिनों लैंसडाउन कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि कोटद्वार के इन्दिरानगर आम पड़ाव निवासी एक ठेकेदार ने झाड़ फूंक के नाम पर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। मामले की विवेचना कोटद्वार कोतवाली में तैनात महिला उपनिरीक्षक रचना को सौंपी गई।

# जनजाति ही भारतीय संस्कृति और प्रजातंत्र को बल देती है : उपराष्ट्रपति

**डिंडौरी। एजेंसी**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि भारतीय प्रजातंत्र में जनजातीय समाज का स्थान शरीर की रीढ़ की हड्डी के बराबर है। जनजाति ही भारतीय संस्कृति और प्रजातंत्र को बल देती है। देश के इतिहास में पहली बार एक जनजातीय समाज की महिला राष्ट्रपति बनती है, यह गौरव का पल है। उपराष्ट्रपति धनखड़ बुधवार को डिंडौरी प्रवास के दौरान यहां शासकीय चंद्र विजय कॉलेज परिसर में विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय परामर्श शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व, उपराष्ट्रपति ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण करने के बाद दीप प्रज्ज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण विकास मंत्री पहलाद पटेल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

इस परामर्श शिविर में जिलेभर से 1970 मरीज पहुंचे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का दिल जनजाति के लिए धड़कता है। उन्होंने कहा कि 1989 में जब मैं सांसद बना, केंद्र में मंत्री बना तो हमारी अर्थव्यवस्था लंदन शहर और पेरिस से भी छोटी थी।

हमारा सोना हमने स्विटजरलैंड को गिरवी रखा था और अब देखिए हम कहां से कहां आ गए। हमने बहुत सारे देशों को पीछे छोड़ दिया। इसमें जनजातीय समाज का बहुत बड़ा योगदान है। भारत की पहचान जनजाति कल्चर है। इसी वजह से भारत के प्रधानमंत्री ने दो बड़े संकल्प लिए हैं। भारत जहां दुनिया का छठवां हिस्सा रहता है, जब वह 2047 में आजादी की शताब्दी मनाएगा, तो भारत विकसित राष्ट्र होगा और विकसित राष्ट्र की पहचान होगी सिकल सेल बीमारी का पूर्ण अनुमूलन। आयुष्मान योजना के माध्यम से इस बीमारी को जड़ से खत्म करेंगे।

**प्रत्येक जिला चिकित्सालय में जांच की व्यवस्था**

सिकलसेल रोगियों की जांच एवं उपचार सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रत्येक जिला चिकित्सालय में एचपीएलसी मशीन द्वारा पुष्टीकरण जांच की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जांच जैसे- सीबीसी, टोटल आयरन, सिरम फेरीटिन आदि जांचों की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सिकलसेल एनीमिया की पुष्टिकरण जांच पीओसी किट द्वारा स्क्रीनिंग स्थल पर त्वरित जांच परिणाम प्राप्त कर सिकल रोगी का प्रबंधन किया जा रहा है।


**क्या है सिकल सेल एनीमिया**

नोडल अधिकारी डॉ. मनोज उरैती ने बताया कि यदि माता-पिता दोनों में सिकल सेल के जीन हैं तो बच्चों में इस बीमारी का होना स्वाभाविक है। इस बीमारी में रोगी की लाल रक्त कोशिका हंसिये के आकार में परिवर्तित हो जाती है। सिकल सेल एनीमिया के अगर लक्षण यह नजर आएं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाना चाहिए। इन पीड़ितों में खून की कमी, हल्की पीलिया होने से बच्चे का शरीर पीला दिखाई देना, तिल्ली का बढ़ जाना, पेट एवं छाती में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों एवं जोड़ों में विकृतियां होना, पैरों में अल्सर घाव होना, हड्डियों और जोड़ों में सूजन के साथ अत्यधिक दर्द, मौसम बदलने पर बीमार पढ़ना, अधिक थकान होना यह लक्षण बताए गए हैं।

**मप्र में सिकलसेल उन्मूलन के प्रयास**

सिकलसेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के लिए 15 नवम्बर 2021 को राज्य हिमोग्लोबिनोपैथी मिशन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। मिशन में अलीराजपुर एवं झाबुआ जिलें में पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गई। द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री द्वारा एक जुलाई 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर 'सिकल सेल उन्मूलन मिशन'-2047 का शुभांरभ शहडोल ज़िले से किया गया। ह्यराष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन मिशन' में देश के 17 राज्य शामिल हैं। मिशन में मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिलों के 89 विकासखंडों में लगभग 1 करोड़ 11 लाख नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जानी है।

## सुक्खू सरकार पति-पत्नी और मित्रों की सरकार: राजीव बिंदल



**शिमला। एजेंसी**

मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार को पति, पत्नी और मित्रों की सरकार करार दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने बुधवार को कहा कि यह सरकार कांग्रेस के लिए भी नहीं है, केवल और केवल अपने परिवार व मित्रों के लिए है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि हिमाचल में तीन विधानसभा क्षेत्रों-देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ के उपचुनाव हो रहे हैं और उपचुनावों के बीच मुख्यमंत्री कैबिनेट बैठक कर देहरा में पुलिस जिला बनाने की घोषणा कर रहे हैं। इससे बड़ा संविधान का उल्लंघन और क्या हो सकता है। यह तो संविधान के पन्नों का फाड़कर रद्दी में फेंकने जैसा है और चुनाव आयोग हाथ पर हाथ धर के मूकदर्शक बनकर बैठा है। लोकसभा चुनावों में और उपचुनावों में चुनाव आयोग की भूमिका किसी भी प्रकार से निष्पक्ष नहीं है और इन चुनावों में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर बहुत बड़ा प्रश्न चिह्न लगा है।

बिन्दल ने सरकार से पूछा कि यदि मुख्यमंत्री की पत्नी देहरा से चुनाव न लड़तीं तो क्या वो देहरा को पुलिस जिला घोषित करते और क्या कांगड़ा के बारे में उनकी यही नीति है। यदि कुछ करना ही था तो कुछ बड़ा करते, देहरा को जिला ही बना देते लेकिन यह केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम है, यह केवल वोट प्राप्त करने की योजना है।

## सैन्य धाम के निर्माण कार्यों में लाएं तेजी: मंत्री गणेश जोशी



**देहरादून। एजेंसी**

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सैन्य धाम के निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि मार्ग से संबंधित विसंगतियों को शीघ्र दूर करें। शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सैन्य धाम की उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक की जाएगी। बुधवार को कैंप कार्यालय में मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित अधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान मंत्री ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप पंचम धाम सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। सैन्य धाम जन भावनाओं से जुड़ा हुआ है, जिसका अब फिनिसिंग का कार्य तेज गति से चल रहा है।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश की जनता एवं वीरमाताओं को यह सैन्यधाम समर्पित किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को सैन्य धाम की भव्यता और दिव्यता का विशेष ख्याल रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में सचिव सैनिक कल्याण दीपेंद्र चौधरी, जिलाधिकारी सोनिका, उपनिदेशक कर्नल एमएस जोधा सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## किरण व श्रुति के आने से प्रदेश भाजपा होगी मजबूत:कंवर पाल

**यमुनानगर। एजेंसी**

हरियाणा की कदावर नेता एवं कांग्रेस पार्टी की मजबूत नेता मानी जानी वाली किरण चौधरी व उनकी पुत्री पूर्व लोकसभा सांसद श्रुति चौधरी का भाजपा में शामिल होने पर कृषि मंत्री कंवरपाल ने स्वागत किया और कहा कि भाजपा में शामिल होने पर इन दोनों नेत्रियों को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दूसरे विपक्षी दलों की अपेक्षा भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें बूथ स्तर से लेकर बडे पदाधिकारी तक सबको बराबर मान-सम्मान दिया जाता है। भाजपा एक अनुशासित व मजबूत संगठन की पार्टी है और भाजपा में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं है। कृषि मंत्री बुधवार को अपने जगाधरी कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा में शामिल हुई किरण चौधरी प्रदेश में मंत्री, कई



बार विधायक एवं सीएलपी नेता और वहीं उनकी पुत्री श्रुति चौधरी भिवानी से लोकसभा सांसद रही और है उन्हें राजनीति का अच्छा अनुभव हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में जिस प्रकार परिवारवाद, आपसी गुटबाजी, सौतेले जैसा व्यवहार एवं कांग्रेस की जिस प्रकार की कार्य पद्वति चल रही है, उससे न केवल किरण चौधरी दुखी थी, बल्कि कांग्रेस के दूसरे नेतागण भी काफी परेशान हो रहे है। भाजपा को अपने आगामी राजनैतिक विकल्प के रूप में देख रहे हैं।

## शिकायत निवारण समितियों के सदस्यों की भागीदारी करें सुनिश्चित : प्रसाद

**चंडीगढ़। एजेंसी**

- हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला मुख्यालयों तथा उप-मंडलों में आयोजित 'समाधान शिविरों' में जिला लोक सम्पर्क एवं शिकायत निवारण समितियों के आम सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी जिले बेहतर निगरानी के लिए उपस्थित होने वाले ऐसे सदस्यों की सूची उनके कार्यालय के साथ साझा करें। मुख्य सचिव प्रसाद बुधवार को प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किए जा रहे 'समाधान शिविरों' में जन शिकायतों के समाधान की प्रगति की समीक्षा के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडल आयुक्तों तथा उपायुक्तों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रसाद ने उपायुक्तों को दैनिक समाधान शिविरों की वीडियोग्राफी करवाने तथा भविष्य के संदर्भ के लिए इन रिकॉर्डिंग को संभालकर रखने की सलाह दी। उन्होंने सभी जिलों को अन्य विभागों की सहभागिता के कारण 'अनसुलझी' के रूप में वगीर्कृत शिकायतों का डेटा संकलित करने के भी निर्देश दिए। यह डेटा विभागवार और श्रेणीवार तरीके से संकलित किया जाएगा। शिकायत समाधान में तेजी लाने के लिए, मुख्य सचिव ने सभी जिलों को अपने लंबित शिकायत डेटा को विभाग और प्रकार के अनुसार वगीर्कृत करके, उनके समाधान के लिए जिम्मेदार संबंधित विभागों को भेजने को कहा। सुचारू समन्वय और समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव कार्यालय को जानकारी दी जाएगी।

## नये धर्म परिवर्तन विरोधी कानूनी कार्यवाही में हस्तक्षेप होने पर कानून उद्देश्य में विफल होगा : हाईकोर्ट

- इस्लाम धर्म अपना कर शादी करने का दबाव डालने की आरोपी महिला को राहत देने से इंकार
- अदालत अभियोजन कार्यवाही में हस्तक्षेप करेगी तो यह कानून अपना उद्देश्य हासिल करने में विफल हो जायेगा

**प्रयागराज। एजेंसी**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि धर्म परिवर्तन विरोधी कानून प्रारम्भिक चरण में है। यह समाज में व्याप्त कुप्रथा पर रोक लगाने के लिए बनाया गया है। यदि अदालत अभियोजन कार्यवाही में हस्तक्षेप करेगी तो यह कानून अपना उद्देश्य हासिल करने में विफल हो जायेगा। इसी के साथ कोर्ट ने धर्म बदलने के लिए दबाव डालने की आरोपी महिला रूक्सार को राहत देने से इंकार कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर तथा न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने रुक्सार की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। मालूम हो कि पीड़िता ने चित्रकूट की कोतवाली नगर थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 व 506 तथा धारा 3 व 5 (1) धर्म परिवर्तन विरोधी कानून के तहत एफआईआर दर्ज कराई। आरोप लगाया कि जब वह कक्षा दस में थी अब्दुल रहमान उसका हर जगह पीछा करता था और एक दिन अपने घर ले गया और दुष्कर्म किया। उसके बाद कई बार दुष्कर्म करता रहा। रहमान की शादी हो गई उसके बाद उसके छोटे भाई इरफान ने भी दुष्कर्म किया और याची रूक्सार ने इस्लाम कबूल कर उसके पति के भाई इरफान से निकाह करने का दबाव डाला। 30 मार्च 24 को उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया और बुर्का पहनाकर ट्रेन में कर्वी के लिए बैठा दिया, जहां रहमान ने उसे घर ले जाकर दुष्कर्म किया और भेद खोलने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

अधिवक्ता का कहना था कि याची महिला है। सह अभियुक्तों पर दुष्कर्म का आरोप है, इसलिए उसे राहत दी जाय। किंतु कोर्ट ने यह कहते हुए कोई राहत देने से इंकार कर दिया कि याची पर इस्लाम कबूल कराने व अपने पति के भाई से निकाह करने के लिए दबाव डालने का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

## राजनीति

### कार्यकर्ता धन्यवाद सम्मेलन में जगाधरी पहुंचे सांसद वरुण चौधरी, कहा

# किरण चौधरी के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

**यमुनानगर। एजेंसी**

- आने वाले तीन महीने के अंदर विधानसभा और नगर निगम के चुनाव हमनें इसी जोश और एकता से मिलकर जीतने है



अंबाला के सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि प्रदेश की भाजपा सरकार के शासन में कर्ज तो बढ़ा है परंतु गरीबों का भला नहीं हुआ है। भाजपा ने केवल जुमलेबाजी की है, धरातल पर कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक समुंद्र है, किसी के पार्टी छोड़कर जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। अंबाला से नवनिर्वाचित सांसद वरुण चौधरी अपनी लोकसभा चुनाव में जीत के बाद कार्यकर्ता धन्यवाद सम्मेलन में बुधवार को जगाधरी के रामलीला भवन में पहुंचे। सांसद वरुण चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि अंबाला की यह जीत सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकता की जीत है।

उन्होंने कहा कि आने वाले तीन महीने के अंदर विधानसभा और नगर निगम के चुनाव हमनें इसी जोश और एकता से मिलकर जीतने है। पत्रकारों से बातचीत में किरण चौधरी और श्रुति चौधरी के कांग्रेस छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह उनका निजी फैसला है। यहां से भाजपा में जाते हुए तो सभी दिखाई देते है लेकिन उसके बाद फिर कहां चले जाते है, पता नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं किया, प्रदेश में कर्ज बढ़ गया।

गरीब लोगों को उन योजनाओं का लाभ नहीं मिला। जबकि कांग्रेस के राज में गरीब कल्याण के लिए खर्च किए गए पैसे का पूरा लाभ मिला। उन्होंने नीट के सवाल पर कहा कि चाहे प्रदेश की भाजपा हो या केंद्र की भाजपा सरकार हर जगह नौकरियों और परीक्षाओं के पेपर लीक की मामले आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि पहले ही भाजपा बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और अब इन बच्चों के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

## बाइडन की योजना से पांच लाख आप्रवासियों को मिल सकती है अमेरिकी नागरिकता

**वाशिंगटन। एजेंसी**



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में बड़ा कदम उठा रहे हैं, जिससे अमेरिका में बिना किसी वैध स्थिति के रह रहे लाखों आप्रवासियों को राहत मिलने के साथ अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। बाइडन के इस कदम को महीने की शुरूआत में सीमा पर उनके द्वारा अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने डेमोक्रेटिक पार्टी के कई सांसदों को नाराज कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवन साथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक आप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक आप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा, तथा उसे अस्थायी कार्य परमिट प्राप्त होगा और इस बीच उसे निर्वासन से सुरक्षा मिलेगी। नाम न बताने की शर्त पर प्रस्ताव के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देने वाले वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, लगभग 50,000 गैर-नागरिक बच्चे, जिनके माता-पिता में से एक अमेरिकी नागरिक हैं।

एक नजर

### केन विलियमसन ने राष्ट्रीय अनुबंध अस्वीकार किया, सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ी



**वेलिंगटन।** केन विलियमसन ने बुधवार को न्यूजीलैंड क्रिकेट को चौंकाते हुए खुलासा किया है कि वह 2024-25 सीजन के लिए नया केंद्रीय अनुबंध स्वीकार नहीं करेंगे। विलियमसन ने सफेद गेंद टीम की कप्तानी भी छोड़ दी है। विलियमसन के फैसले के बाद न्यूजीलैंड को अब एक नए सीमित ओवरों के कप्तान का नाम भी बताना होगा। उन्होंने 2022 में पहले ही टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी और केवल सीमित ओवरों के क्रिकेट में टीम का नेतृत्व कर रहे थे। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह न्यूजीलैंड की गर्मियों के दौरान विदेशी लीग में खेलने का मौका तलाश रहे हैं और इसलिए उस अवधि के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उस समय सीमा के अलावा, उन्होंने कहा है कि वह न्यूजीलैंड के लिए खेलने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

### अपने एडक्टर की समस्या को लेकर अलग-अलग डॉक्टरों से परामर्श करेंगे नीरज चोपड़ा



**तुर्कु।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अपने एडक्टर की समस्या के बारे में खुलासा किया है, जिसने उनके सत्र को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि वह इस समस्या से निपटने के लिए पेरिस ओलंपिक के बाद 'अलग-अलग डॉक्टरों' से परामर्श करेंगे। चोपड़ा ने एक महीने के ब्रेक के बाद प्रतियोगिताओं में वापसी की और मंगलवार को यहां पावो नूरमी खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 85.97 मीटर की दूरी तय की, टोक्यो ओलंपिक में ट्रैक और फील्ड में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा ने पिछले महीने ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से एहतियात के तौर पर नाम वापस ले लिया था, क्योंकि उन्हें अपने एडक्टर (जांघों के अंदरूनी हिस्से में स्थित मांसपेशियों का समूह) में कुछ तकलीफ महसूस हुई थी। चोपड़ा ने जीत के बाद कहा मौसम अच्छा था, हवा के साथ थोड़ी ठंड भी थी। लेकिन अब मैं अपने एडक्टर से खुश हूं क्योंकि मैं सभी छह थ्रो कर सकता हूं। हर साल मुझे अपने एडक्टर से जुड़ी कुछ समस्याएं होती हैं, शायद ओलंपिक के बाद मैं अलग-अलग डॉक्टरों से बात करूंगा।

### एशियन जूनियर केनोई स्प्रिंट यू-23 चैंपियनशिप थाईलैंड में मप्र के खिलाड़ियों ने जीते 3 पदक



**भोपाल।** एशियन जूनियर केनोई स्प्रिंट चैम्पियनशिप-2024 का आयोजन 14 से 16 जून तक थाईलैण्ड में किया गया। प्रतियोगिता में खेल अकादमी के खिलाड़ियों ने कयाकिंग-केनोइंग खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित 4 पदक अर्जित कर देश को गौरवान्वित किया। थाईलैण्ड में आयोजित इस प्रतियोगिता में खेल अकादमी के पूर्व खिलाड़ी अर्जुन सिंह ने जूनियर सी-1 500 मी. स्पर्धा में स्वर्ण पदक, जूनियर सी-1 1000 मी. स्पर्धा में एक रजत पदक प्राप्त किये। वहीं जूनियर सी-2 1000 मी. स्पर्धा में अरविंद वर्मा और हर्ष की जोड़ी ने रजत पदक, जूनियर सी-2 500 मी. स्पर्धा में प्रिंस गोस्वामी और सुधीर कुमार की जोड़ी ने कॉस्य पदक अर्जित किया। रजत और कॉस्य पदक अर्जित करने वाले तीनों खिलाड़ी वर्तमान में खेल अकादमी के खिलाड़ी हैं। प्रतियोगिता में कोरिया, मलेशिया, वियतनाम, म्यानमार, थाईलैण्ड, फिलिपिन्स, हांगकांग, चायनीज-ताइपे, भारत, श्रीलंका, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, ईरान, तजाकिस्तान और सिंगापुर की टीमों ने भागीदारी की थी।

# टी20 विश्व कप 2024: आईसीसी ने सुपर 8 के लिए की मैच अधिकारियों की घोषणा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार देर रात टी-20 विश्व कप 2024 के सुपर 8 चरण के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। सह-मेजबान टीम ने यूएसए ने ग्रुप ए से दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया, जिसका कुछ श्रेय पाकिस्तान के खिलाफ शानदार सुपर ओवर जीत को जाता है, और अब सुपर 8 के ग्रुप 2 में यूएसए का सामना प्रोटियाज के साथ-साथ इंग्लैंड और सह-मेजबान वेस्टइंडीज से मुकाबला होगा। जोएल विल्सन यूएसए-दक्षिण अफ्रीका मैच में टीवी अंपायर होंगे, जबकि वे 23 जून को बारबाडोस में इंग्लैंड के खिलाफ अमेरिकी टीम के मैच में गैफनी के साथ मैदानी अंपायर की भूमिका भी निभाएंगे। इस प्रतियोगिता में सीनियर पुरुष टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे अल्लाहुद्दीन पालेकर चौथा अंपायर की भूमिका निभाएंगे। वह ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच ग्रुप 1 के रोमांचक मुकाबले में हमवतन रिचर्ड इलिंगवर्थ के साथ मैदानी अंपायर की भूमिका में होंगे।

### सुपर 8 चरण के लिए मैच अधिकारी इस प्रकार हैं

20 जून : अफगानिस्तान बनाम भारत (बारबाडोस)
रेफरी: डेविड बून, ऑन-फील्ड अंपायर : रॉडनी टकर और पॉल रीफेल
टीवी अंपायर : अल्लाहुद्दीन पालेकर
चौथा अंपायर : एलेक्स व्हार्फ
20 जून : ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश (एंटीगुआ), रेफरी : रिची रिचर्डसन
मैदानी अंपायर : रिचर्ड इलिंगवर्थ और माइकल गॉफ
टीवी अंपायर : कुमार धर्मसेना
चौथा अंपायर: एड्रियन होल्डस्टॉक
21 जून : इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका (सेंट लूसिया), रेफरी: जेफ क्रो
मैदानी अंपायर : शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और क्रिस ब्राउन, टीवी अंपायर : जोएल विल्सन, चौथा अंपायर: क्रिस गैफनी
21 जून : यूएसए बनाम वेस्टइंडीज (बारबाडोस), रेफरी: डेविड बून
मैदानी अंपायर: पॉल रीफेल और अल्लाहुद्दीन पालेकर
टीवी अंपायर: रॉडनी टकर
चौथा अंपायर: एलेक्स व्हार्फ
22 जून: भारत बनाम बांग्लादेश (एंटीगुआ)
रेफरी: रंजन मदुगले
मैदानी अंपायर: माइकल गॉफ और एड्रियन होल्डस्टॉक
टीवी अंपायर : लैंग्टन रूसेरे
चौथा अंपायर: रिचर्ड केटलबोरो
22 जून : अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया (सेंट विंसेंट)
रेफरी: रिची रिचर्डसन
मैदानी अंपायर : कुमार धर्मसेना और अहसान रजा
टीवी अंपायर : रिचर्ड इलिंगवर्थ
चौथा अंपायर : नितिन मेनन
23 जून : यूएसए बनाम इंग्लैंड (बारबाडोस)
रेफरी : डेविड बून, मैदानी अंपायर : क्रिस गैफनी और जोएल विल्सन, टीवी अंपायर: पॉल रीफेल
चौथा अंपायर : अल्लाहुद्दीन पालेकर
23 जून: वेस्टइंडीज बनाम दक्षिण अफ्रीका (एंटीगुआ),
रेफरी: रंजन मदुगले
मैदानी अंपायर: रॉडनी टकर और एलेक्स व्हार्फ,
टीवी अंपायर : क्रिस ब्राउन
चौथा अंपायर: शरफुद्दौला इब्ने शाहिद
24 जून: ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत (सेंट लूसिया), रेफरी : जेफ क्रो
मैदानी अंपायर: रिचर्ड केटलबोरो और रिचर्ड इलिंगवर्थ
टीवी अंपायर: माइकल गॉफ
चौथा अंपायर: कुमार धर्मसेना
24 जून: अफगानिस्तान बनाम बांग्लादेश (सेंट विंसेंट), रेफरी: रिची रिचर्डसन
मैदानी अंपायर: लैंग्टन रूसेरे और नितिन मेनन
टीवी अंपायर: एड्रियन होल्डस्टॉक
चौथा अंपायर: अहसान रजा

# भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी खेलों में जीता स्वर्ण



**तुर्कु। एजेंसी**

भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को फिनलैंड के तुर्कु में पावो नूरमी गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है, ने रात का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और अपने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता। फिनलैंड के टोनी केरेनन ने 84.19 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके हमवतन ओलिवर हेलैंडर, जिन्होंने दो साल पहले इस मीट में नीरज को स्वर्ण पदक से वंचित किया था, ने 83.96 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 82.58 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। मौजूदा विश्व और ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा इस साल अपने तीसरे इवेंट में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। इस साल के अंत में पेरिस 2024 ओलंपिक में अपना ताज बचाने के सफर पर निकले नीरज ने 10 मई को दोहा डायमंड लीग में 88.36 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल करके अपने सत्र की शुरुआत की। इसके पांच दिन बाद उन्होंने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.27 मीटर का मामूली थ्रो करके स्वर्ण पदक जीता। ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद यह भारत में उनकी पहली प्रतियोगिता थी। नीरज को पिछले महीने के अंत में चेकिया में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भी प्रतिस्पर्धा करनी थी, लेकिन प्रशिक्षण सत्र के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के बाद एहतियात के तौर पर उन्होंने इसमें भाग नहीं लिया। टोक्यो 2020 के स्वर्ण पदक विजेता ने तुर्कु मीट में वापसी करते हुए 83.62 मीटर के अपने पहले थ्रो के साथ शुरुआत की और पहली सीरीज में बढ़त बनाई।

## पेरिस खेलों में खेलेंगे नोवाक जोकोविच

**बेलग्रेड। एजेंसी**



पूर्व विश्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच पेरिस में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में खेलेंगे, सर्बिया ओलंपिक समिति ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सर्बियाई समिति ने अपनी वेबसाइट पर कहा नोवाक जोकोविच और दुसन लाजोविच ने एटीपी रैंकिंग के अनुसार शर्तों को पूरा कर लिया है और 2024 में पेरिस में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। जून की शुरुआत में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने कैस्पर रूड के खिलाफ होने वाले रोलैंड गैरोस क्वार्टरफाइनल से पहले ही नाम वापस ले लिया था, क्योंकि स्कैन में उनके दाहिने घुटने में मध्यवर्ती मेनिस्कस फटा हुआ पाया गया था। दो सप्ताह पहले, जोकोविच ने पुष्टि की थी कि उनके घुटने का सफल ऑपरेशन हुआ है, लेकिन उन्होंने वापसी के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई थी। जोकोविच ने चार ओलंपिक टूर्नामेंट खेले हैं और 2008 में बीजिंग में कांस्य पदक जीता है। मोंटे कार्लो में क्ले स्विंग से पहले अप्रैल में जोकोविच ने कहा था, पेरिस ओलंपिक बहुत महत्वपूर्ण हैं। ओलंपिक हमेशा मेरे लिए प्राथमिकता रहा है। रोलैंड गैरोस में अपने शुरुआती बाहर होने के बाद, जोकोविच एटीपी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

ओलंपिक चैंपियन 2024

## चीनी तैराकी प्रशासनिक केंद्र ने पेरिस ओलंपिक के लिए तैराकी और गोताखोरी टीम घोषित की

**बीजिंग। एजेंसी**



चीनी तैराकी प्रशासनिक केंद्र ने मंगलवार को यहां 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए तैराकी, गोताखोरी और कलात्मक तैराकी टीम की घोषणा की। पेरिस खेलों में दस गोताखोर भाग लेंगे। ओलंपिक चैंपियन क्वान होंगचन, चेन युक्सी, वांग जोंगयुआन, जी सियी और काओ युआन अपने दूसरे ओलंपिक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि स्प्रिंगबोर्ड गोताखोर चेन यिवेन, चांग यानी और लोंग दाओयी, साथ ही प्लेटफॉर्म गोताखोर यांग हाओ और लियान जुनजी पेरिस में अपना पहला ओलंपिक खेलेंगे। 31 सदस्यीय चीनी तैराकी टीम का नेतृत्व छह ओलंपिक चैंपियन झांग यूफेई, ये शिवेन, ली बिंगजी, यांग जुनक्सुआन, तांग मुहान और वांग शुन कर रहे हैं। विश्व चैंपियन यू विटिंग, किन हैयांग और पान झानले से भी अपनी ताकत दिखाने की उम्मीद है। पेरिस खेलों में नौ कलात्मक तैराक भाग लेंगे, जिनमें युगल स्पर्धा में विश्व चैंपियन वांग लियुई और वांग कियानयी जुड़वाँ बहनें शामिल हैं।

## वाणिज्य

## एयर इंडिया जुलाई से चुनिंदा घरेलू मार्गों पर शुरू करेगी प्रीमियम इकनॉमी श्रेणी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया अगले महीने से चुनिंदा घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी श्रेणी शुरू करने जा रही है। एयर इंडिया यह श्रेणी उपलब्ध कराने वाली दूसरी भारतीय एयरलाइन कंपनी होगी। फिलहाल सिर्फ विस्तारा ही घरेलू मार्गों पर प्रीमियम इकनॉमी यात्रा श्रेणी उपलब्ध कराती है। एयर इंडिया ने बुधवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि उसने अपने पहले दो रिफिटेड नए ए-320 नियो विमानों को तीन श्रेणियों में बांटा है। इनमें बिजनेस श्रेणी में आठ और प्रीमियम इकनॉमी में पैर रखने के लिए अतिरिक्त जगह के साथ 24 सीटें हैं। इसमें 132 इकनॉमी श्रेणी की सीटें भी उपलब्ध होंगी। कंपनी ने कहा कि हमारी चुनिंदा घरेलू और छोटी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर बिजनेस क्लास की इस सुविधा का आनंद लें। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने कहा कि छोटे आकार के विमान बेड़े में तीन श्रेणियों की बिजनेस क्लास की पेशकश यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम है। यह पहली बार है जब एयरलाइन ने अपने छोटे आकार के विमान में प्रीमियम इकनॉमी केबिन पेश किया है।

## रिकॉर्ड ऊंचाई पर शेयर बाजार सेंसेक्स 74 अंक उछला



**नई दिल्ली। एजेंसी**

शेयर बाजार ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया । हफ्ते के तीसरे दिन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने 280 अंक उछलकर 77,581 का स्तर छुआ। फिलहाल सेंसेक्स 74.23 अंक यानी 0.096 फीसदी की बढ़त के साथ 77,375.37 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। निफ्टी ने भी शुरुआती कारोबार में 73 अंक की बढ़त के साथ 23,630 का स्तर छुआ। फिलहाल निफ्टी 11.70 अंक यानी 0.050 फीसदी की बढ़त के साथ 23,569.60 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इससे एक दिन पहले 18 जून को भी शेयर बाजार ने ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया था। बीएसई का सेंसेक्स 308.37 अंक यानी 0.40 फीसदी उछलकर 77,301.14 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 92.30 अंक यानी 0.39 फीसदी की तेजी के साथ 23,557.90 के स्तर पर बंद हुआ था।

## कच्चा तेल 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 86 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.03 डॉलर यानी 0.04 फीसदी बढ़कर 85.36 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.09 फीसदी लुढ़ककर 81.50 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## टाटा मोटर्स एक जुलाई से दो फीसदी तक बढ़ाएगी वाणिज्यिक वाहनों की कीमत

- वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी की वृद्धि की गई



**नई दिल्ली। एजेंसी**

टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमत दो फीसदी तक बढ़ाने का ऐलान किया है। कीमतों में बढ़ोत्तरी वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो एक जुलाई से लागू होगी। टाटा मोटर्स ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि जिस की कीमतों में बढ़ोत्तरी के मद्देनजर वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी की वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि कीमतों में ये बढ़ोत्तरी एक जुलाई से वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी, जो अलग-अलग मॉडल और संस्करण के हिसाब से भिन्न होगी। कंपनी ने उत्पादन लागत में बढ़ोत्तरी की वजह से एक अप्रैल, 2024 से कीमतों में दो फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स देश की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी है। यह ट्रक, बस और अन्य वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करती है। ये टाटा समूह की अगुवाई वाली प्रमुख कंपनियों में से एक है। इस कंपनी का पुराना नाम टेल्को था। इसकी उत्पादन इकाइयां जमशेदपुर, पुणे और लखनऊ सहित कई अन्य देशों में स्थित हैं।

# उद्योग, व्यापार , सेवा क्षेत्र एवं कर सलाहकार संघों के साथ बजट पूर्व चर्चा

## राजस्थान को औद्योगिक हब बनाएँगे: उप मुख्यमंत्री, दिया कुमारी

चमकता राजस्थान




**जयपुर, 19 जून।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी में कहा की राजस्थान को देश के औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके लिए वित्तीय संसाधनो के समुचित प्रावधान किए जाएँगे।प्रदेश के औद्योगिक विकास से रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के लोगो को मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उद्योग, व्यापार,सेवा क्षेत्र एवं कर सलाहकार संघों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व चर्चा में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को औद्योगिक विकास में अग्रणी राज्य बनाने की और अग्रसर है । प्रदेश में औद्योगिक विकास की बहुत संभावनायें है, जिन्हें साकार रूप देने के लिए सरकार सभी के साथ मिलकर काम कर रही है । उन्होंने कहा की राजस्थान में सड़क एवम् रेल नेटवर्क सहित मजबूत आधारभूत संरचनाएँ विकसित की जा रही है, जो औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा की प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की जा रही है। इस संबंध में जितने भी सुझाव प्राप्त हो रहे है उन्हें बजट में शामिल करने का पूरा प्रयास रहेगा।

उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप औद्योगिक विकास के मामले में भी राजस्थान को मॉडल स्टेट बनाने के लिए वित्तीय संसाधनों में किसी भी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

## वन मंत्री संजय शर्मा ने की पेट्रोलिंग:

● हाईवे पर पकड़ी अवैध वन सम्पदा



**चमकता राजस्थान। जयपुर/दौसा (खलील कुरैशी.)।** दौसा जिले में हरे पड़ों की कटाई व लकड़ियों का अवैध परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है। बुधवार को विभाग के दावों की पोल खुल गई, जब वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अवैध लकड़ियों से भरी पिकअप को पकड़ लिया। घटना के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और गाड़ी जब्त की दरअसल सुबह करीब 11 बजे वन मंत्री संजय शर्मा अलवर से जयपुर जा रहे थे। उन्होंने नेशनल हाईवे पर उनकी कार के सामने से लकड़ियों से भरी पिकअप को जाते देखा। इस पर उन्होंने पिकअप को रूकवाया और ड्राइवर से लकड़ियों के परिवहन के बारे में पूछताछ की, जिसका वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। वन मंत्री ने पिकअप ड्राइवर से लकड़ी ले जाने की परमिशन दिखाने को कहा तो उसने कहा कि लकड़ी ले जाने का परमिट उसके पास उपलब्ध नहीं है। इस पर मंत्री ने दौसा उप वन संरक्षक अजीत उचोई को मौके पर बुलाकर पिकअप की चाबी सौंपी और नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ से कहा कि लकड़ियों की अवैध कटाई एवं परिवहन को रोकें और आरा मशीनों की भी लगातार जांच करें। यदि जिले में कहीं भी अवैध रूप से आरा मशीनों का संचालन किया जा रहा है तो सख्त कार्रवाई करें। बता दें कि जिले के लालसोट, सिकंदरा, बांदीकुई, बालाजी व महवा इलाके में दर्जनों आरा मशीनें संचालित हो रही हैं।

## ऑपरेशन एंटीवायरस के तहत अलवर पुलिस ने पकड़े 5 साइबर ठग

● सेक्सटॉर्शन एवं सोशल मीडिया पर विज्ञापन डाल करते थे ठगी, ठगी में प्रयुक्त 6 मोबाइल जब्त



**चमकता राजस्थान। जयपुर/अलवर!(खलील कुरैशी) 19 जून।** साइबर अपराध के विरुद्ध अलवर जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत थाना वैशाली नगर एवं नौगांवा पुलिस ने साइबर फ्रॉड प्रभावित दो स्थानों पर दबिश देकर 5 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर इनके पास से ठगी में प्रयुक्त 6 एंड्राइड मोबाइल जब्त किए हैं।एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि थाना वैशाली नगर एसएचओ सीताराम सैनी मय टीम द्वारा सूर्य नगर मोड़ क्षेत्र में लोगों को जाल में फंसाने के लिए मोबाइल से तैयारी कर रहे साइबर ठगों राहुल जाटव पुत्र हरिराम (19) व सुनील जाटव पुत्र राधेश्याम (22) निवासी अलापुर थाना अकबरपुर एवं केदार जाटव पुत्र भगवत राम (28) निवासी घाट खातीवास थाना बड़ौदा मेंव अलवर को गिरफ्तार कर तीन मोबाइल जब्त किए गए इसी प्रकार नौगांवा थाना अधिकारी भूपेंद्र सिंह मय टीम द्वारा पाटा गांव में दबिश देकर साइबर ठग साहिल मेव पुत्र कल्लू खान (19) एवं वसीम खान पुत्र चांद खान मेव (21) निवासी गांव जग्गू का बास पाटा थाना नौगांवा को गिरफ्तार कर तीन एंड्राइड मोबाइल जप्त किए गएएसपी शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी शातिर साइबर ठग है। इन्होंने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी नंबर से फेक प्रोफाइल बना रखी है। आरोपी सोशल मीडिया पर वाहन बेचने व पेन-पेंसिल का ऐड देकर अनजान लोगों को अपने जाल में फँसा एवं सेक्सटॉर्शन के जरिए ब्लैकमेल कर फर्जी बैंक अकाउंट्स में पैसा ट्रांसफर करवा लेते थे।

## स्वर्गीय श्रीमती सुप्यार कंवर की 35वीं पुण्यतिथि पर आमरस एवं भजनामृत गंगा कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

चमकता राजस्थान



**जयपुर, 19 जून।** स्वर्गीय श्रीमती सुप्यार कंवर की 35वीं पुण्यतिथि पर सुप्यार देवी तंवर फाउंडेशन के तत्वावधान में कांवटिया सर्कल पर भावपूर्ण भजन संध्या का आयोजन के साथ आमरस प्रसादी का वितरण किया गया था।

कार्यक्रम में प्रतिभाशाली कलाकारों की आकाशीय आवाजें शांत वातावरण में गुंजायमान हो उठीं, जो उपस्थित लोगों के दिलों और आत्मा को छू गईं।

इस अवसर पर विधायक बालमुकुंद आचार्यजी, भाजपा नेता पंडित सुरेश मिश्रा, राजपूत समाज के अध्यक्ष राम सिंह राजावत, आईएएस राजेंद्र विजय, एडिशनल एसपी - पूनमचंद विश्नोई, सुरेंद्र सिंह शेखावत, अनिल शर्मा,के.के. अवस्थी, ओलंपियन श्रीमती सपना पूनिया, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित देवी शंकर शर्मा एवं आवासन मंडल के यूनियन अध्यक्ष दशरथ सिंह राठौड़ अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण सहित सुप्यार देवी तंवर फाउंडेशन के अध्यक्ष राधेश्याम तंवर, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना कंवर, मंत्री मेघना तंवर, कोषाध्यक्ष अजय सिंह तंवर एवं गणमान्य अतिथिगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा परिणाम में हुई धाधली के विरोध में 21 को करेगी विरोध प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 19 जून।** कांग्रेस पार्टी ने हाल में संपन्न हुए चुनाव में जारी घोषणा पत्र में छात्रों के सुरक्षित भविष्य के लिये पेपर लीक के विरुद्ध कड़े कानून बनाने का वादा किया था एवम कांग्रेस पार्टी देश के छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है नीट-यूजी 2024 परीक्षा परिणाम को लेकर असंख्य शिकायतें परीक्षार्थियों ने दी है ।परीक्षा परिणाम मैं अनियमितता होने के आरोपों से देश के लाखों छात्र अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिग एजेन्सी ने 04 जून,को नीट-यूजी 24 के परिणाम जारी किये, उसमें परीक्षार्थियों को ग्रेस मार्क्स किस आधार पर दिये गए इसका भी खुलासा नहीं किया गया, बल्कि बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं, जिसके आधार पर पूरे देशभर में संशय का वातावरण बना हुआ है। बिहार तथा गुजरात में चुनिन्दा परीक्षा केन्द्रों पर धांधली के आरोपों में गिरफ्तारियां हुई है जो कि संगठित भ्रष्टाचार का उदाहरण है। इस मामले में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ बिन्दुओं पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त की है। ।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि नीट परीक्षा करने में हुये भ्रष्टाचार एवं अनियमितता पर एन डी ए की केन्द्र सरकार द्वारा चुप्पी साधने के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस 21 जून 2024 को छात्रों के लिए न्याय मांगने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में जयपुर स्थित कलेक्ट्री सर्किल पर प्रातः 10 बजे प्रदेश स्तरीय विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। विरोध-प्रदर्शन में पार्टी के सांसद, विधायक, लोकसभा प्रत्याशी, विधानसभा प्रत्याशी, प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित प्रदेशभर के कांग्रेसजन भाग लेंगे।

## कांग्रेस में नही है पचास वर्षों से संगठन में जमे नेताओ को बाहर का रास्ता दिखाने का प्रावधान ?

चमकता राजस्थान (अत्री कुमार दाधीच)

**जयपुर 19 जून ।** एक और कांग्रेस नेता राहुल गांधी महोब्बत की दुकान खोल कर देश में एकजुटता का परिचय दे रहे हैं वही प्रदेश में नेता यह कहावत सिद्ध करने में लगे हुए है। कि जब व्यापारी की दुकान के चलत में कमी आती है तो वह रंग रोगन कर उसे चमकाने में लग जाता हैं ताकि ग्राहक दुकान की ओर आकर्षित हो , इन दिनों प्रदेश कांग्रेस के नेताओं में यह देखने को मिल रहा है कि कई नेता धरातल पर नगण्य हैं लेकिन बड़े नेताओं एवं समाज का आइना दिखा के वर्षों से कुर्सी से चिपके हुए हैं इन दिनों कुर्सी जाते देख ये नए नए हथकंडे अपनाकर कार्यकर्ताओं को प्रभावित करते हुए अपना अलग गुट बना लेते हैं ,मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस में इन दिनों नेताओ में अपनी छवि चमकाने का काम जोरों से चल रहा है चलते चुनाव में पदाधिकारी बने नेता अपनी छवि सुधारने और कार्यकर्ताओं के जरिए अपने बारे में बखान कराने के लिए लॉबिंग कर रहे हैं प्रदेश में एक नेता पंजाब में नियुक्त आई ए एस से जुगाड़ लगा पहले सचिव बन गए । बाद में इन्होंने राष्ट्रीय प्रभारी रंधावा पर दवाब बना महामंत्री का पद हथियाने में कामयाब हो गए यही नहीं एक नेता वर्षों तक कांग्रेस की ख़िलाफ़त करते रहे और चलते चुनाव में सचिव बना दिए गए इसमें एक नेता ऐसे भी हैं जो 1985 से लगातार किसी न किसी पद पर क़ाबिज़ रहे हैं इसके अलावा जब भी सरकार आती है तो वह जुगाड़ लगाकर सरकार में मंत्री पद का दर्जा हथियाने में क़ामयाब हो जाते हैं जबकि प्रदेश में इनके समाज का वोट प्रतिशत न के बराबर है यह नेता अपने समाज के किसी व्यक्ति को संगठन से जुड़ने के लिए भी प्रेरित नहीं करते ताकि ये अकेले की नेता बने रहे ,ये इन्होंने चलते चुनाव में उपाध्यक्ष पद पाने में भी क़ामयाबी हासिल कर ली !

सबसे बड़ी बात यह कि चलते चुनाव में नियुक्त किए गए सभी पदाधिकारियों ने अपना एक अलग गुट बना लिया है जबकि प्रदेश अध्यक्ष ने चुनावों के दौरान हुई नियुक्तियों को मानने से इनकार कर कर दिया था लेकिन फिर भी कुर्सी मोह भंग नहीं हुआ और लॉबिंग करने के लिए स्वयंभू उपाध्यक्ष ने प्रदेश मुख्यालय के कंट्रोल रूम में कार्यकर्ताओं के नाम से बैठक आहूत की इसमें अधिकांश वह कार्यकर्ता वो सम्मलित हुए थे। जो कंट्रोल रूम में कार्यरत नहीं थे लेकिन प्रदेश में होने वाले विधान सभा उप चुनाव में अपने चहेते को पार्टी का प्रत्याशी बनाने के लिए लाबिंग के लिए मीटिंग की गई ।सूत्रों ने बताया कि लोक सभा चुनावों में विजय रहे प्रत्याशी के कारण विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव होने वाले हैं इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष सहित आला कमान कार्ययोजना बनाकर कार्य को गति दे रहे हैं।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग नृत्य और योग चेतना रैली




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थान के परिसर में सुबह 6.00 बजे से योगाभ्यास का आयोजन हुआ, जिसमें 1500 से अधिक विद्यार्थियों, अध्यापकों, और सामान्य जन ने भाग लिया।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, राजस्थान सरकार की आयुष सचिव पूनम, ने योग की स्वास्थ्य उपयोगिता और आधुनिक जीवन में आयुर्वेद की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने संस्थान द्वारा योग के महत्व और चल रही प्रक्रियाओं पर बल दिया।योगानृत्य के बाद, संस्थान प्रांगण से बडी चौपड़ हवामहल तक एक योग चेतना रैली का आयोजन हुआ, जिसे कुलपति और मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और अपेक्स इंस्टिट्यूट के विद्यार्थी, अधिकारी, और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास सफल रहा।दोपहर 1 बजे आयोजित पत्रकार वार्ता में कुलपति ने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का आयोजन 21 जून को जयपुर के प्रसिद्ध जन्तर-मन्तर प्रांगण में सुबह 6 बजे किया जाएगा। इस आयोजन में राजस्थान सरकार के गणमान्य विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, तथा आम जनता के लिए भी निशुल्क व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हो सकें और राष्ट्रीय आयुर्वेद वर्तमान में (गौनाद विश्वविद्यालय)

● अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2024

योग के फायदों का अनुभव कर सकें। इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। आयोजन की व्यापक तैयारी और सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि योग दिवस ने सामाजिक स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## राज्य के विकास में बैंकिंग प्रणाली एक बुनियादी आवश्कता

# बैंकिंग से समावेशी विकास एवं आर्थिक स्वतंत्रता संभव: सहकारिता मंत्री

चमकता राजस्थान




**जयपुर, 19 जून।** सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि किसी भी राज्य के विकास में बैंकिंग प्रणाली एक बुनियादी आवशयकता है, इसके बिना व्यक्ति और समाज के वित्तीय उन्नयन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि जैसे किसी व्यक्ति की रोटी, कपड़ा और मकान प्राथमिक आवशयकता है लेकिन अब इसमें बैंकिंग भी जुड़ गया है।

दक ने दि राजस्थान अरबन को-ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि. जयपुर के स्थापना दिवस पर मंगलवार को आयोजित समारोह में कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों में अरबन को-ऑपरेटिव बैंकों का बहुत बड़ा योगदान है क्योंकि इनके माध्यम से व्यक्ति का समावेशी विकास हो रहा है और उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिल रही है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग के माध्यम से व्यक्ति स्वयं की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ अप्रत्यक्ष रूप से राज्य के विकास में योगदान देता है। इसलिये हमे ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को बैंकिंग के दायरे में लाये जाने का प्रयास करना होगा।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि यदि प्रदेश में सहकारी बैंकिंग के प्रसार में समस्यायें आ रही हैं तो उनका शीघ्र निपटारा किया जायेगा।

समारोह में जल संसाधन मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद एवं फैडरेशन के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र गहलोत, फैडरेशन अध्यक्ष मोहन पाराशर, उपाध्यक्ष सतीश सरीन, चित्तौड़गढ़ अरबन बैंक के अध्यक्ष आई एम सेठिया सहित सदस्य अरबन बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929